# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024







श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

## तकनीकी एवं अन्य व्यवसायिक शिक्षा में सहयोग

2 लाख रुपए वार्षिक आय से कम आय वाले परिवारों के छात्रों को 1% की ब्याज दर पर शिक्षा ऋण

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

## छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए खुले अवसरों के द्वार

- नया रायपुर में आईटी हब
- पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया
- शासकीय भर्तियों में आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

युवाओं की सरकार
विष्णु देव सरकार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

मुख्यमंत्री कौन होगा इसका फैसला विधायकों की राय से हाईकमान लेगा

# सीएम की दौड़ में शामिल हुड्डा बोले 'न मैं टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं'

## हरियाणा के एग्जिट पोल में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे आज मंगलवार को आयेंगे, इससे पहले सोमवार को भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता में कहा कि मैं न टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं। एग्जिट पोल के रुझानों के प्रफुल्लित हुड्डा ने खुद को सीएम पद की दौड़ में आगे रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा इसका फैसला विधायकों की राय से पार्टी हाईकमान करेगा। जाहिर है अपने ज्यादा से ज्यादा समर्थकों के विधायक बनने की उम्मीद से उत्साहित हुड्डा पार्टी हाईकमान का एक संदेश देना चाह रहे हैं कि फैसला विधायकों की रायशुमारी से हो। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों से कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार आ रही है। हरियाणा का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? एग्जिट पोल इशारा कर रहे हैं कि इस बार हरियाणा में कांग्रेस के हाथों में सत्ता आ सकती है। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी अपनी दावेदारी सीएम पद के लिए यह कहकर दर्ज करा दी है कि वह अभी रिटायर्ड नहीं हुए हैं। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के लोग फैसला कर चुके हैं, चुनाव में 36 बिरादरी कांग्रेस के साथ खड़ी नजर आई हैं, सब यही कह रहे हैं कि अबकी बार कांग्रेस की सरकार। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस का वोट शेयर भी बढ़ेगा और पिछले लोकसभा चुनाव हुए, तो भी कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा से जब सवाल किया गया कि कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर उन्होंने कहा, 'देखिए, ये अभी कह पाना बेहद मुश्किल होगा।



### कांग्रेस की सरकार हालात ठीक करेगी

हरियाणा की भाजपा सरकार को नाकाम बताते हुए हुड्डा ने कहा कि किसानों की आमदनी दुगनी करने की बात हुई, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पहले न खाद पर टैक्स था, न कीटनाशक पर। डीजल पर भी वैट कम था, लेकिन अभी क्या है? हम अब गरीबों के लिए काम करेंगे। सरकार की व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। कांग्रेस की सरकार हालात ठीक करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था, वोट काटू पार्टियों की मुकाबले में कोई जगह नहीं थी। एग्जिट पोल तो परसों आये हैं, हम तो पिछले एक महीने से कह रहें हैं कि हरियाणा में सरकार कांग्रेस की ही बनेगी।

### लोगों ने बड़े बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी को चुना: दीपेन्द्र

*कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने दावा किया है कि हरियाणा में कांग्रेस की वापसी हो रही है। हमें विश्वास है कि लोगों ने बड़े बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी को चुना है। बीजेपी के 10 साल के कुशासन का अंत किया है। हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने राहुल गांधी ने जिस तरह से मेहनत की जिस दिन से वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हरियाणा में आए उसी दिन से हरियाणा में कांग्रेस का माहौल बनने लग गया था।*

'तीन फैक्टर से बनेगी हरियाणा में कांग्रेस की सरकार: राहुल गांधी की मेहनत, भाजपा विरोधी लहर और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का परिश्रम'

# सीएम का फैसला हाईकमान लेगा, दावा कोई भी करे: सैलजा

## कहा, जब सीएम के नाम पर फैसला होगा तो हो सकता है उसमें एक नाम सैलजा का भी हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इस बार हरियाणा में कांग्रेस की बहुमत वाली सरकार बनने जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला-दलित सीएम होगा इसका फैसला हाईकमान ही तय करेगा, दावा कोई भी कर सकता है पर फैसला हाईकमान ही लेता है। राहुल गांधी ने धरातल पर मेहनत की है, यात्राओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नए जोश और नई ऊर्जा का संचार किया जिससे कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिलने जा रहा है। मीडिया से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं हरियाणा में बहुमत से कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। इसके पीछे तीन फेक्टर है एक राहुल गांधी ने धरातल पर मेहनत की है, यात्राओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नए जोश और नई ऊर्जा का संचार किया है, दूसरा भाजपा विरोधी लहर क्योंकि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों से परेशान थी, जनता के पास कांग्रेस उचित विकल्प रहा। उन्होंने कहा कि तीसरा फेक्टर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत जिन्होंने एकजुट होकर पार्टी के लिए जमीन तैयार की।



### सत्ता की चाबी हाईकमान के पास

हरियाणा में सीएम कौन होगा के जवाब में उन्होंने कहा कि वे पहले भी कह चुकी हैं दावा चाहे कोई करे पर सीएम के नाम का फैसला हाईकमान ही करेगा क्योंकि कांग्रेस में सीएम पद के चयन की एक प्रक्रिया होती है। क्या इस प्रक्रिया में कुमारी सैलजा भी शामिल है के जवाब में उन्होंने कहा कि इसका फैसला भी हाईकमान करेगा। क्या सैलजा की सीएम पद पर दावेदारी रहेगी के जवाब में उन्होंने कहा कि ये दावेदारी शब्द मीडिया की देन है, जब सीएम के नाम पर फैसला होगा तो हो सकता है उसमें एक नाम सैलजा का भी हो सकता है।

### नाम आना स्वाभाविक

सीएम पद पर केवल दो ही नाम प्रमुख रूप से लिये जा रहे है एक भूपेंद्र सिंह हुड्डा का तो दूसरा कुमारी सैलजा है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी में जब दोनों ही सीनियर मोस्ट है तो दोनों का नाम आना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि लोग बदलाव का मूड बना चुके थे, उनके सामने कांग्रेस एक अच्छा विकल्प था जो जनता ने चुना। उन्होंने कहा कि भाजपा का दस साल का शासन जनता के लिए सिरदर्द बना रहा, भाजपा इन दस सालों में हरियाणा को और दस साल पीछे ले गई।

## खबर संक्षेप

### एयर शो हादसा : 'एयरफोर्स ने जो भी मदद मांगी, हमने दी : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई के मरीना बीच पर इंडियन एयरफोर्स के एयर शो के बाद रविवार को डिहाईड्रेशन के कारण 5 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि राज्य के अधिकारियों ने एयर शो के लिए भारतीय वायुसेना द्वारा मांगी गई फैसिलिटीज से ज्यादा सुविधाएं प्रदान की थीं।

### दिल्ली में 23 से न्याय यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद अब कांग्रेस का फोकस दिल्ली की ओर हो गया है। दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस 23 अक्टूबर से दिल्ली कांग्रेस की न्याय यात्रा निकालेगी जिसमें राहुल गांधी के साथ-साथ प्रियंका गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल होंगे। इसके साथ-साथ पार्टी ने यह भी फैसला किया है कि वो दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा के मद्देनजर बन रहे नए समीकरण

# किंगमेकर बनने के मूड में पीडीपी कांग्रेस-एनसी संग जाने को तैयार!

## 90 सीटों वाली है विधानसभा, लेकिन 5 और विधायक होंगे मनोनीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को आने वाले हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल्स में त्रिशंकु विधानसभा के आसार बताए गए हैं। कहा जा रहा है, 90 सीटों वाली विधानसभा में यदि कांग्रेस और एनसी का गठबंधन 40 सीटें भी ले आता है तो भले ही यह उनके लिए बड़ी सफलता हो, लेकिन सरकार बनाने से वे दूर रहेंगे। ऐसी स्थिति में किंग से ज्यादा किंगमेकर अहम हो जाएगा और वह हो सकती हैं, महबूबा मुफ्ती।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन की कोशिशें भी तेज हो गई हैं। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलेगा। मगर, भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर रखने के लिए समान विचारधारा वाले दलों और व्यक्तियों के लिए दरवाजे खुले हैं। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि एनसी और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाते दिख रहे हैं। अगर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी ) हमसे जुड़ने के लिए तैयार है, ये बेहद अच्छी बात है। दरअसल, एग्जिट पोल सामने आने के बाद पीडीपी नेता जुहैब यूसुफ मीर ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए वे एनसी और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं। पीडीपी लीडर के इस बयान को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बधाई हो। उनकी सोच अच्छी है, हम सभी एक राह पर हैं। उन्होंने कहा, 'नफरत को हमें खत्म करना है और जम्मू-कश्मीर को इकट्ठा रखना है।' मालूम हो कि शनिवार को आए ज्यादातर एग्जिट पोल में कहा गया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है।



### अब्दुल्ला का भाजपा से गठबंधन से इंकार

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला कह चुके हैं कि उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भाजपा से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा, 'हम बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं। आप समझते हैं कि हम उनके साथ जाएंगे?' उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक भी मुस्लिम को प्रतिनिधित्व नहीं दिया और यहां तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। एनसी अध्यक्ष ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमारे लोग भाजपा के लिए मतदान नहीं करेंगे। अगर वे सोचते हैं कि सरकार बना लेंगे तो वह ख्याली दुनिया में हैं।'

### 5 के फेर में उलझी जम्मू कश्मीर की सियासत आज क्या गुल खिलाएगी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर विधानसभा की कुल 90 सीटों के आधार पर अगली सरकार के लिए बहुमत परीक्षण की कसौटी रहेगा या फिर 95 सीटें आधार बनेंगी। केंद्रशासित राज्य जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा को नये विधान के तहत 5 विधायकों को नामित करने का संवैधानिक अधिकार है। अभी तक राज्य की विधानसभा 90 सीटों की थी। अब 95 की होगी। सोमवार को एआईसीसी कुछ वरिष्ठ नेता इस मसले की गंभीरता का आंकलन करने जब एक जगह साथ बैठे तो कई फार्मूले पर विमर्श हुआ। आज, मंगलवार को वोटों की गिनती के साथ ही तय हो जाएगा कि किस दल को कितनी सीटें आईं। अगर किसी दल विशेष को बहुमत आता है तो कहीं कोई किंतु परंतु नहीं होनी है, लेकिन किसी भी दल या चुनाव पूर्व गठबंधन को बहुमत नहीं आता है तो क्या राज्यपाल पहले पांच विधायकों को नामित करेंगे फिर बहुमत परीक्षण होगा? सबसे बडा सवाल अभी यही है। इसी पर कांग्रेस नेताओं के बीच मंत्रणा हुई। सूत्रों ने बताया कि कुछ संवैधानिक प्रावधानों और नियमों के हवाले से जरूरत पडी तो सुप्रीम कोर्ट मूव करने का मसौदा तैयार कर लिया गया है। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने बताया, राज्यपाल को पांच विधायकों को नामित करने का अधिकार है। ये ठीक है। पांचों विधायकों अन्य चुने हुए विधायकों की तर्ज पर ही वोटिंग का अधिकार सहित अन्य विधायी विशेषाधिकार प्राप्त होंगे, ये भी ठीक है, मगर ये भी उतना ही सत्य है कि राज्यपाल केवल चुनी हुई सरकार के कैबिनेट के फैसले के अनुरूप ही पांच विधायकों को विधानसभा के लिए नामित कर सकते हैं। जाहिर है इसके तहत पहले सरकार को आकार देना होगा। केवल 90 सदस्यों वाली विधानसभा में 5 विधायकों का मामल तब बेहद महत्वपूर्ण हो जाएगा जब मिलीजुली सरकार में कुछ विधायकों की कमी का कोई फच्चर फंसता है! ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन की सरकार बनती हुए दिखाया है, पर बहुमत के लिए 48 के अंकों के गठबंधन नहीं पहुंच पा रहा है। यही चिंता कांग्रेस के रणनीतिकारों को नए सिरे से ड्राइंग बोर्ड पर बैठने को मजबूर कर दिया। पांच के फेर में सूबाई सियासत कैसा उफान लाती है, ये तो मंगलवार को ही पता चलेगा।

# सरकारी स्कूल के छात्रों से चावल की बोरी ढुलवाने वाली हेडमास्टर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सरकारी स्कूल के छात्रों से साइकिल पर चावल बोरी ढुलवाने वाली हेडमास्टर को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पचपेड़ी में रहेगा। मस्तूरी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला सोन में पढ़ने वाले दस-बारह साल के स्कूली बच्चों का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें स्कूली बच्चे साइकिल से मध्याह्न भोजन का चावल सोसाइटी से स्कूल लाते हुए दिखाई दे रहे थे। स्कूली बच्चे साइकिल पर 50 किलो चावल की बोरी ढोकर ले जाते दिख रहे थे। बच्चों ने यह भी बताया था कि चार बार में 50-50 किलो कर 2 क्विंटल चावल को स्कूल तक पहुंचाने का काम कराया गया। आडियो में बच्चे आरोप लगा रहे थे कि स्कूल की प्रधान पाठक उनसे सोसाइटी से स्कूल तक चावल लाने के लिए कहती हैं। जब मामला मीडिया में आया, तब कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू से रिपोर्ट मांगी, जिसके बाद हरकत में आए डीईओ ने हेडमास्टर पुष्पा साहू को सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस मामले में स्कूल की प्रधान पाठिका पुष्पा साहू ने इन आरोपों को खारिज किया था। प्रधान पाठिका के मुताबिक वे कभी भी बच्चों से चावल लाने के लिए नहीं कहतीं, बल्कि वो खुद भृत्य को लेकर चावल लेने जाती हैं। प्रधान पाठक के मुताबिक बीते 15 अगस्त को पंचायत स्तर पर एक बैठक हुई थी, जिसमें एक शिक्षिका ने खुद प्राचार्य पद संभालने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बीईओ ने कह दिया कि वरिष्ठ के रहते हुए कनिष्ठ को प्राचार्य नहीं बना सकते। इसके बाद से तरह-तरह के आरोप लगाते हुए वीडियो बनाए जा रहे हैं।

■ वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने डीईओ से मांगी थी रिपोर्ट

### फिर मामला आया तो कड़ी कार्रवाई

इस मामले में बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू का कहना है, कि मस्तूरी के प्राथमिक शाला सोन से पहले भी इस तरह की शिकायत आई थी। जिसकी बीईओ से जांच कराते हुए हेडमास्टर को नोटिस जारी किया गया था। ताजा वायरल वीडियो की जांच कराई गई और प्रधानपाठिका पर कार्रवाई की गई है। यदि इस तरह का मामला फिर से आया तो शिक्षकों पर भीकार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पहले भी इस तरह के मामले मस्तूरी ब्लाक में आ चुके हैं। इससे पहले बिल्हा ब्लाक में बच्चों से कप-प्लेट धुलवाने और मस्तूरी ब्लाक में भृत्य द्वारा छात्रों से पान-गुटखा मंगवाने के मामले भी सामने आ चुके हैं।

बनासकांठा गुजरात में हादसा

# ड्राइवर का ध्यान रील बनाने में... बस खाई में गिरी, चार की मौत, 25 घायल

एजेंसी ▶▶ बनासकांठा

गुजरात के बनासकांठा जिले के त्रिशूलिया घाट पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। 50 से ज्यादा यात्रियों को ले जा रही एक बस के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा घायलों में स्थिति गंभीर है। यह हादसा बस के नियंत्रण खो देने की वजह से हुआ जिस कारण बस पलटने से पहले घाटी की रेलिंग से टकरा गई। घायल यात्रियों को इलाज के लिए पालनपुर और अंबाजी के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। लोगों का कहना है कि दुर्घटना ड्राइवर की लापरवाही से हुई है।

### ड्राइवर का ध्यान मोबाइल पर था



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवर का ध्यान पहाड़ी पर चढ़ते समय मोबाइल रील बनाने में लगा हुआ था। यात्रियों की चेतावनी के बावजूद उसने हरकतें जारी रखीं और हनुमान मंदिर के पास रेलिंग से टकराकर पलट गई। कुछ यात्रियों को संदेह था कि ड्राइवर नशे में था, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

# लैंड फॉर जॉब केस : लालू, तेजस्वी तेज प्रताप को मिली जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव को बड़ी राहत मिली है। लालू यादव और उनके परिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से एक लाख के निजी मुचलके पर जमानत मिल गई है।



इस मामले में लालू यादव और तेजस्वी यादव की पहले भी पेशी हो चुकी है। लेकिन तेज प्रताप यादव पहली बार पेश हुए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 11 आरोपियों के खिलाफ 2 महीने पहले 6 अगस्त को ही सप्लीमेंट्री चार्जशीट तैयार दायर की थी। ईडी ने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में लालू यादव को मास्टरमाइंड बताया था। बता दें कि इस मामले में चार आरोपियों की मौत हो चुकी है। अदालत ने लालू यादव, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव को एक लाख के निजी मुचलके पर जमानत दी है।




हरिभूमि फालोअप

# डाक्टर, वकील दंपती, पुजारी पिता पुत्र, सराफा व्यापारी सहित अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

फेसबुक लाइव में रसूखदारों पर आरोप लगाकर महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कल तक पुलिस महिला को मानसिक रोगी बताते हुए एक्टिव नहीं थी, परन्तु सोमवार को पुलिस ने अचानक यू टर्न लेते हुए डाक्टर, वकील, पुजारी और उसके बेटे सहित अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया। रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे श्रीकांत वर्मा मार्ग सांई मंदिर के पीछे रहने वाले रेलवे के टीटीई अजय सिंह की पत्नी प्रियंका सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, मृतका ने फांसी लगाने के पूर्व फेसबुक में लाइव होकर आरोप लगाया कि उनके घर के पास सांई दरबार के पीछे रहने वाले पप्पू यादव, नागोराव का किराएदार पिछले 4 साल से छेड़खानी कर गुंडागर्दी कर रहे हैं। समपर्ण क्लीनिक के डा. अजीत मिश्रा, सांई मंदिर का पंडित, उसका बेटा, पड़ोसी हाईकोर्ट वकील दिप्ती शुक्ला, उनके पति अनिल शुक्ला, श्रीराम ज्वेलर्स के संचालक विवेक उर्फ विक्की अग्रवाल पप्पू यादव के कहने पर नागोराव की छत में आकर उनके सामने अश्लील हरकत करते हैं, जिससे वे 3 साल से सोई नहीं हैं। 26 फरवरी को सभी लोगों ने मिलकर बिजली विभाग के कर्मचारी से मिलकर घर में शार्टसर्किट कर उन्हें और दोनों बेटियों को जिंदा जलाने की कोशिश की थी। इन सभी की छेड़खानी व गुंडागर्दी से तंग आत्महत्या कर रही हूं। उसके बाद उन्होने अपने बेडरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। 7 अक्टूबर को एसपी रजनेश सिंह ने मृतका के घर जाकर उनके पति व बेटियों से घटना के संबंध में पूछताछ की। उसके बाद तत्काल मामले में फेसबुक लाइव के आधार पर पप्पू यादव, डाक्टर, वकील दंपती, सराफा व्यापारी, पुजारी पिता पुत्र सहित अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इनमें से एक आरोपी पर पूर्व में मोहल्ले में तलवार लेकर घूमने का आरोप भी लगाया गया था।


रसूखदारों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप
फेसबुक लाइव में टीटीई की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी
बेटी से कहा दरवाजा मत खोलना

### सीएसपी करेंगे मामले की जांच

एसपी श्री सिंह ने सिविल लाइन पुलिस को एफआईआर दर्ज कर सिविल लाइन सीएसपी को जांच का जिम्मा सौंपा है। पूरे मामले की निष्पक्षता से हर पहलू पर जांच कर आगे कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### जुर्म दर्ज किया गया

मृतका पति व बेटियों से पूछताछ की गई। मृतका के फेसबुक में लिखे कमेंट्स व वीडियो के आधार पर मृतका के द्वारा लिए जाने से सभी लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की सिविल लाइन सीएसपी के द्वारा निष्पक्षता से जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- रजनेश सिंह एसपी

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- तीन दिन बाद भी मारे गए 9 नक्सलियों की नहीं हुई शिनाख्त
- पड़ोसी राज्यों व संभाग के सीमा इलाकों की पुलिस को भेजी गई तस्वीर



### इन नक्सलियों के शवों का मेकाज में हुआ पीएम

माड़ मुठभेड़ में मारे गए 4 महिला व 3 पुरुष नक्सली के शवों का मेकाज में पीएम कर सुरक्षित रखा गया है। इनमें फूलों उर्फ सुंदरी 30 वर्ष भैरमगढ़ जिला बीजापुर, बसंती पति साकेत 30 कोयलीबेड़ा जिला कांकेर, सोमे पति दुग्गे उर्फ मनसीन 35 वर्ष ग्राम रेकावेट्टी जिला कांकेर, बुधराम मड़कम 30 वर्ष भैरमगढ़ जिला बीजापुर, जनीला 32 वर्ष कोसकेटा थाना पुगरवाल जिला कोंडागांव, अर्जुन उर्फ रंजीत 30 वर्ष ओरछा जिला नारायणपुर के व सोहन उर्फ रोहन निवासी कोयलीबेड़ा जिला कांकेर शामिल है जिनका मेकाज में पीएम कर शव सुरक्षित रखा गया है।

### 12 नक्सलियों के शव परिजनों को सौंपे गए

माड़ मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में 12 के शवों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर सुरक्षित उनके गांवों में भिजवाया गया है। शेष 10 नक्सलियों के परिजनों से सम्पर्क कर भिजवाने की व्यवस्था की जा रही है। मुठभेड़ में मारे गए शेष 9 नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है इसके लिए पड़ोसी राज्यों के अलावा सीमावर्ती पुलिस से सम्पर्क कर फोटो भेजा गया है। जल्द ही सभी नक्सलियों के शिनाख्त के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

# मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शव लेने पहुंचे परिजन, 10 शव लेने अभी कोई नहीं पहुंचा

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दंतेवाड़ा व नारायणपुर जिले से लगे थुलथुली के जंगल में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों के शवों को तीन जिले के मरच्यूरी में रखा गया है। पीएम के बाद 12 नक्सलियों के शवों को उनके परिजनों के

### 9 की पहचान बाकी

सुपुर्द कर दिया गया है। शेष नक्सलियों के परिजनों का पुलिस इंतजार कर रही है ताकि उनके शवों को सुपुर्द किया जा सके। अभी तक इनके परिजन शव लेने नहीं पहुंचे हैं। मुठभेड़ में मारे गए 22 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है ▶▶|शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## नक्सल प्रभावित राज्यों के सीएम की बैठक, पीएम मोदी ने भी थपथपाई विष्णु की पीठ

# 9 माह में मार गिराए 194 नक्सली, साय की शाह ने की तारीफ, कहा-मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश के नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है। श्री शाह ने इस ऑपरेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस साल जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों ने लगभग 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। 801 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है।

उन्होंने कहा आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त हैं, उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़कर मुख्य धारा से जुड़ें। सभी राज्यों ने आपके पुनर्वास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं, उसका फायदा लीजिए। सोमवार को देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी से सीएम साय की नक्सल उन्मूलन पर चर्चा



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में पिछले नौ महीनों के दौरान हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। इसमें कृषि, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में की गई प्रमुख पहलों को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में हाल ही हुए सफल नक्सल ऑपरेशन की जानकारी प्रधानमंत्री से साझा की। प्रधानमंत्री ने इस ऑपरेशन की सफलता पर सुरक्षा बलों के साहस की सराहना की। मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आठ लाख आवास स्वीकृत किए जाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

- मुख्यमंत्री ने आठ लाख आवास स्वीकृत किए जाने पर जताया आभार

### हथियार छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें युवा : शाह



#### जल्द ही बनाए जाएंगे 29 सुरक्षा कैंप

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य नक्सलियों के बचे हुए गढ़ों को समाप्त करना और इन इलाकों में स्थाई शांति और विकास सुनिश्चित करना है। निकट भविष्य में, दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

#### केंद्र हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में हुए सफल ऑपरेशन की तारीफ करते हुए अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे भी छत्तीसगढ़ की खुफिया तकनीकी और आपसी समन्वय के आधार पर अपने अपने राज्यों में ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पूरा समर्थन देगी।

#### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति तेज

मुख्यमंत्री ने बैठक में केवल ऑपरेशन की सफलता पर ही नहीं, बल्कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि "नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाई गई है। हम निरंतर गाँवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा रहे हैं, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।" श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लगातार मिल रहे मार्गदर्शन में हमने माओवादियों के कोर को तोड़ा। ऐसे एरिया में हमने 32 नये कैम्प स्थापित किये हैं, जिसे वो अपनी राजधानी तक कहते थे। उनकी बटालियन के कमांडर हिड़मा के गांव में भी हमने कैंप स्थापित किया और उसकी मां को भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई।

# पांच दिनों से लापता बच्चे का मिला सिर कटा, सड़ा-गला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

पांच दिनों से रहस्यमय ढंग से लापता 10 वर्षीय बालक का शव बरामद किया गया है। बच्चा घर के सामने खेलते समय गायब हो गया था जिसके बाद पुलिस व परिजन बच्चे की तलाश कर रहे थे। सोमवार की सुबह तोरफा में मोरन नदी के किनारे बच्चे का सड़ा गला शव बरामद किया गया है। बड़ी बात यह है कि बच्चे का सिर धड़ से अलग था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

- खेलते हुए हुआ था गायब, मोरन नदी किनारे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

### कटा हुआ था बच्चे का सिर

घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार की सुबह बलंगी चौकी, रघुनाथ नगर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान 10 वर्षीय बालक बृजेश कुमार पाल आ.राम अशोक पाल के रूप में की गई है। बड़ी बात यह है कि बच्चे का गर्दन शरीर से अलग था। ऐसे में उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही बच्चे का शव सड़ गल गया था।

### चल रही है जांच

बच्चा 2 अक्टूबर की शाम घर के पास से गायब हुआ था। आज नदी किनारे से शव बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

- राम अवतार ध्रुव, एसडीओपी वाड्रफनगर

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने 'गरबा' गीत साझा किया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'गरबा' गीत साझा किया, जिसे उन्होंने देवी दुर्गा की स्तुति के लिए स्वयं लिखा था। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े लोग नवरात्रि के शुभ अवसर पर अलग-अलग तरीकों से यह उत्सव मना रहे हैं।

### कोयला खदान में धमाका छह श्रमिकों की मौत



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में विस्फोट हो जाने से छह श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए। पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड ने कहा कि उसकी खदान में विस्फोट के कारण छह लोगों की मौत हुई है।

### संजय ने ही ट्रेनी डॉक्टर से किया था रेप, फिर हत्या!



नई दिल्ली। सीबीआई ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और उसकी हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। सीबीआई ने कहा- रॉय ने ही रेप और हत्या की।

### रतन टाटा अस्पताल में कहा- चिंता न करें



नई दिल्ली। उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने कहा कि उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। वह उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच करा रहे हैं। अस्पताल में भर्ती की खबरों को 'अफवाह' करार देते हुए उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ये दावे निराधार हैं।

### गायक अदनान सामी को मातृशोक



नई दिल्ली। गायक अदनान सामी की मां बेगम नौरीन सामी का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गायक अदनान सामी ने सोशल मीडिया मंच पर अपनी मां की तस्वीर साझा करते हुए कहा, मैं बहुत दुख के साथ अपनी प्यारी मां बेगम नौरीन सामी खान के निधन की खबर साझा कर रहा हूं।

## तीन महिला समेत नौ आरोपी हिरासत में

# मोहल्लेवालों ने आदतन अपराधी को पीटा, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आदतन अपराधी से मोहल्लेवासी तंग आ चुके थे। शराब पीने के लिए पैसा मांगना, न मिलने पर मारपीट करना उसकी आदत हो गई थी। सुरेंद्र की हरकतों से परेशान मोहल्लेवालों ने रविवार शाम को उसे जमकर पीटा। गंभीरावस्था में सुरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र विश्वकर्मा से लोग इतने ज्यादा परेशान थे कि जिसे जो मिला उसी से पिटाई कर दी। ▶▶|शेष पेज 4 पर



मृतक

### हर समय उलझता था मृतक

पुलिस ने बताया कि बदमाश सुरेन्द्र उर्फ आशिक विश्वकर्मा की दबंगई से हथखोज बस्ती के लोगों से खासे परेशान थे। लगातार सुरेन्द्र किसी न किसी के साथ उलझता रहता था। रविवार को प्रमोद गभेल से सुरेन्द्र ने शराब के लिए रुपयों की डिमांड की और मारपीट की। सुरेन्द्र को शराब के लिए पहले ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हिरासत में आरोपी

सुरेन्द्र विश्वकर्मा की हत्या मामले में शीतलापारा हथखोज भिलाई तीन निवासी निवासी प्रमोद गभेल, रामायण सिंह राजपूत , कीर्तन लाल साहू,संतोष साहू ,संतोष कुमार बहादुर, वेदराम वर्मा ,विजयलक्ष्मी गबेल, टेमिन साहू ,मीरा राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस नेलाठी, कुल्हाड़ी, दरांती जैसे हथियार बरामद किए हैं।

### आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हत्या के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां सुरेंद्र ने दम तोड़ दिया।

- हरीश पाटिल, सीएसपी, छावनी

# शंकराचार्य का बड़ा बयान, कहा- महात्मा गांधी राष्ट्रपिता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने एक बार फिर महात्मा गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है। रायपुर प्रवास पर पहुंचे शंकराचार्य ने कहा कि गांधी राष्ट्रपिता नहीं हैं। हिन्दुस्तान में राष्ट्रपिता नाम की कोई चीज नहीं है। मोहन दास करमचंद गांधी राष्ट्रपिता इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने किसी राष्ट्र को जन्म नहीं दिया और ऐसा कोई व्यक्ति कर भी नहीं सकता। धर्म शास्त्रों में गाय को माता का स्थान ▶▶|शेष पेज 4 पर

- जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बोले- गाय को मिलना चाहिए राष्ट्रमाता का दर्जा



### घोषणापत्र में स्थान देने पर करें वोट

शंकराचार्य ने आगे कहा कि हम गो हत्या रोकने के लिए आंदोलन करते हुए राज्यसभा और लोकसभा में एक देश एक कानून लागू करने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के चुनाव से पहले गोमाता की दशा व दिशा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी। इससे ▶▶|शेष पेज 4 पर

## चांदी की खेप कार्गो से रायपुर पहुंची

# दिल्ली से रायपुर पहुंची सवा नौ क्विंटल चांदी, पुलिस ने जीएसटी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्राइम ब्रांच पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली से रायपुर पहुंची चांदी की खेप जब्त कर जीएसटी के सुपुर्द की है। पुलिस द्वारा जब्त चांदी की वजन नौ क्विंटल 28 किलो है तथा चांदी की कीमत पौने नौ करोड़ रुपए आंकी गई है।



पुलिस ने यह चांदी मौदहापारा थाना क्षेत्र में एक मिनी कार्गो से जब्त की है। पुलिस के अनुसार उसे एयरपोर्ट के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### व्यापारी की नहीं मिली जानकारी

पुलिस के अनुसार जिस कार्गो में चांदी लोड थी, वह कार्गो दिल्ली से रायपुर पहुंचा था। चांदी दिल्ली के किस व्यापारी ने भेजी है, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। आशंका जताई जा रही है कि दीपावली सीजन में चांदी के जेवर को यहां कारोबारियों को खपाने के लिए भेजा गया हो ▶▶|शेष पेज 4 पर

## अमेरिकी वैज्ञानिक विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल


# कैंसर के इलाज के लिए ढूंढ़ा माइक्रो आरएनए, मिला नोबेल

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

माइक्रो आरएनए की खोज के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विक्टर एंब्रोस और गैरी रुवकुन को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा सोमवार को की गई। माइक्रो आरएनए आनुवंशिक पदार्थ के छोटे-छोटे टुकड़े होते हैं, जो कोशिका स्तर पर जीन की कार्यप्रणाली को बदल देते हैं और कैंसर के उपचार के नए तरीकों में कारगर साबित हो सकते हैं। कारोलिंस्का ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार

यह पुरस्कार जीतने वाले को एक करोड़ 10 लाख स्वीडिश क्रोना (करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर) दिए जाते हैं। यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को नोबेल की पुण्यतिथि 10 दिसंबर को आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।




**माइक्रोआरएनए क्या है?** माइक्रोआरएनए छोटे आरएनए अणु होते हैं, जो जीन के कार्य को नियंत्रित करते हैं। ये जीन के उत्पादन को रोकने या बढ़ाने में मदद करते हैं। उदाहरण के लिए कैंसर जैसी बीमारियों में जीन अधिक सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में माइक्रोआरएनए का उपयोग करके उसे नियंत्रित किया जा सकता है। मॉलिक्यूलर ऑन्कोलॉजी की लेक्चरर डॉ. क्लेयर फ्लेचर ने कहा कि माइक्रोआरएनए दवाओं के विकास और बायोमार्कर के रूप में मददगार हो सकते हैं।

### कोशिकाओं के विकास पर अध्ययन

विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रूवकुन ने अपने शोध में एक साधारण राउंडवर्म का अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि कैसे अलग-अलग कोशिका प्रकार विकसित होते हैं। इसके लिए कौन से जीन जिम्मेदार हैं। उनके शोध ने यह दिखाया कि माइक्रोआरएनए जीन के उत्पादन को कैसे नियंत्रित करते हैं। यह नई खोज साबित करती है कि जीन गतिविधि का नियंत्रण सिर्फ प्रोटीन उत्पादन तक नहीं है, माइक्रोआरएनए भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### कच्छ में 120 करोड़ की कोकीन बरामद

गांधीधाम। गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के निकट एक खाड़ी क्षेत्र से 12 किलोग्राम कोकीन से भरे दस लावारिस पैकेट बरामद किए गए हैं। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपए आंकी गई है।



कच्छ- पूर्व संभाग के पुलिस अधीक्षक सागर बागमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने संभवतः पकड़े जाने से बचने के लिए खाड़ी के पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ छिपाया होगा। उन्होंने बताया कि एक साल में इसी खाड़ी क्षेत्र से मादक पदार्थ की यह तीसरी बड़ी बरामदगी है।

चिंतन

# धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे भारत-मालदीव के रिश्ते

कई उतार चढ़ाव से गुजरते हुए भारत व मालदीव के संबंध पटरी पर लौट रहे हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत दौरे पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की है। मालदीव ने भारत के साथ 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली समझौता किया है, इससे मालदीव को विदेशी मुद्रा संकट से निपटने में मदद मिलेगी। भारत ने नेबर फस्र्ट की अपनी नीति को आगे बढ़ाते हुए मालदीव के वैचारिक रूप से चीनपरस्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का गर्मजोशी से स्वागत किया और कई सौगातें भी दीं। भारतीय सेना मालदीव के सैनिकों का प्रशिक्षण करती रहेगी। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर गातचीत शुरू करने पर सहमत हुए हैं। देर ही सही पर मालदीव के नए नेतृत्व को समझ आ गया कि भारत के बिना मालदीव का काम नहीं चलेगा। भारत अपने पड़ोसियों के लिए जितना भरोसेमंद है, उतना ही मददगार भी। मोदी व राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में रूपे कार्ड भी जारी किया। इसके अलावा हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये रनवे का उद्घाटन किया। भारत ने मालदीव को 70 सामाजिक आवास भी सौंपे। भारत थिलाफुशी में एक नये वाणिज्यिक बंदरगाह के विकास में सहायता भी करेगा। भारत ने एक व्यापक समुद्री सुरक्षा साझेदारी का दृष्टिकोण अपनाया है। हालांकि कुछ समय पहले भारत और मालदीव के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। मालदीव में भारत विरोधी अभियान के चलते संबंध लगातार बिगड़ रहे थे। दोनों मुल्क के संबंध एतिहासिक रहे हैं। भारत और मालदीव के बीच राजनयिक और राजनीतिक संबंध वर्ष 1965 से हैं। वर्ष 2008 में लोकतांत्रिक परिवर्तन के बाद से, भारत ने मालदीव में राजनीतिक, सैन्य, व्यापार और नागरिक समाज के लोगों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ गहरे संबंध बनाने में काफी समय लगाया है। कारण है कि भारत के दक्षिण में स्थित, मालदीव हिंद महासागर में अत्यधिक रणनीतिक महत्त्व रखता है, जो अरब सागर और उससे आगे के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। इससे भारत को समुद्री यातायात की निगरानी करने और क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने की अनुमति मिलती है। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराना गहरा सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक संबंध है। 12वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, बौद्ध धर्म मालदीव में प्रमुख धर्म था। वज्रयान बौद्ध धर्म का एक शिलालेख है, जो प्राचीन काल में मालदीव में मौजूद था। मालदीव के लिए भारत चावल, मसालों, फलों, सब्ज़ियों और दवाओं सहित रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं का एक महत्त्वपूर्ण आपूर्तिकर्त्ता है। भारत सीमेंट और रॉक बोल्डर जैसी सामग्री प्रदान करके मालदीव के बुनियादी ढांचे के निर्माण में भी सहायता करता है। जब भी कोई संकट आया, जैसे– सुनामी या पेयजल की कमी, भारत ने लगातार सहायता प्रदान की है। भारत का सुरक्षा सहायता प्रदान करने में ऑपरेशन कैक्टस के माध्यम से वर्ष 1988 में तख्तापलट के प्रयास के दौरान हस्तक्षेप करने तथा मालदीव की सुरक्षा के लिये संयुक्त नौसैनिक अभ्यास आयोजित करने का इतिहास रहा है। मालदीव के पर्यटन विकास में भी में भारत का अहम योगदान है। लेकिन इंडिया आउट राजनीतिक अभियान के चलते दोनों देशों के संबंध में खटास आई। चीन की नजर मालदीव पर है, इसलिए इस अभियान को हवा मिली। आंखमिचौली के बाद अब मालदीव को समझ आ गया है कि भारत कितना जरूरी है। इसलिए राष्ट्रपति मोइज्जू भारत के संबंध सुधारने में जुटे हैं।



वायुसेना दिवस
डॉ. एल. एस. यादव

8 अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 92 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। भारत 5 .5वीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। डीआरडीओ इसे विकसित कर रहा है। यह भारत का पहला स्टील्थ फाइटर होगा। इसका वजन 27 टन होगा। यह भारी और अधिक हथियार ले जाने में सक्षम होगा। इसके बाद भारतीय वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

# निरंतर मजबूत हो रही वायुसेना

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 92 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है। प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्तमान में चीन व पाक सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 30 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती है। इसके लिए भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने की योजना पर काम कर रहा है। तैयार होने पर ये विमान विशेषताओं में राफेल विमान से भी ज्यादा शक्तिशाली होंगे। भारत सरकार इसके लिए भारी धनराशि खर्च करने को तैयार है। इसके लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के 50 से ज्यादा सिस्टम अपग्रेड कर अत्याधुनिक बनाया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से अपग्रेड होने के बाद ये विमान काफी खतरनाक हो जाएंगे और अगले तीन दशक तक बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। योजना के तहत पहले 84 सुखोई विमानों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इनमें अत्याधुनिक राडार सिस्टम को लगाया जाएगा। इससे सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की डिटेक्शन रेंज बढ़ जाएगी। इसके अलावा इनमें अस्त्र मिसाइलों को तैनात किया जाएगा, जिससे 350 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को नष्ट करना आसान हो जाएगा। भारतीय वायु सेना ने मुख्य लड़ाकू विमान सुखोई विमानों के इंजन के लिए 9 सितम्बर को 26000 करोड़ रुपये का समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड(एचएएल) से किया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की रक्षा मामलों की समिति ने दो सितम्बर को एयरो इंजनों की खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी। इस समझौते के तहत एचएएल सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए स्वदेशी तकनीक के 240 एयरो इंजन(एएल-31एफपी) तैयार करेगा। इनके निर्माण की जिम्मेदारी उड़ीसा के कोरापुर डिविजन को दी गई है। कोरापुर डिवीजन द्वारा तैयार पहला इंजन एक अक्टूबर को वायु सेना को सौंपा जा चुका है। समझौते के तहत एचएएल हर साल ढाई दर्जन इंजनों की आपूर्ति करेगा। इस तरह 240 इंजनों की आपूर्ति आठ साल में पूरी हो जाएगी। इससे वायु सेना को सुखोई-30 विमान बेड़े की परिचालन क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। इंजनों के लिए यह समझौता वायु सेना के लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन में कमी आने तथा एचएएल द्वारा स्वदेशी तेजस विमानों की आपूर्ति में देरी की चिन्ताओं को दूर करेगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये इंजन 54 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से निर्मित होंगे।




भारतीय वायु सेना को दोहरे मोर्चे पर मिल रही रक्षा चुनौतियों को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के विमानों के बेड़े को ताकतवर बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। अब रूस के साथ सह उत्पादन में नई पीढ़ी के सुखोई-30 एमकेई लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे। इसके लिए दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में हुई रूस यात्रा के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। एचएएल अपने कोरापुर के करखाने को इन विमानों के निर्माण के लिए विशेष रूप से तैयार कर रहा है। वायु सेना के पास इस समय 259 सुखोई विमान है। इनमें सभी संचालन अवस्था में नहीं हैं। ज्यादातर सुखोई विमान 2000 से 2010 के बीच वायु सेना में शामिल किए गए थे। इन्हें हर 15 साल बाद अपग्रेड किया जाता है। अगले 10 वर्षों के बाद इनकी संख्या काफी कम हो जाएगी, इसीलिए वायु सेना के विमान बेड़े में नए अपग्रेडेड सुखोई विमान जोड़ने की तैयारी कर ली गई है।

रूस भारत का सबसे विश्वसनीय दोस्त रहा है। अब रूस ने अपने सुखोई-75 चेकमेट लड़ाकू विमान की खरीद का ऑफर भारत को दिया है। रूस यह लड़ाकू विमान कम कीमत पर देने को राजी है। यही नहीं रूस सुखोई-75 चेकमेट लड़ाकू विमान की तकनीक भी भारत को देने को तैयार है। रूसी रक्षा अधिकारियों का कहना है कि सुखोई-75 चेकमेट उन देशों के लिए बहुत ही अच्छा है जिनकी सीमा पर चुनौतियां ज्यादा हैं। अत्याधुनिक किस्म के ये विमान राडार की पकड़ में नहीं आते हैं। ये एआई से लैस विमान हैं। इनकी गति 1.8 मैक है और यह 3000 किलोमीटर की दूरी तक के लक्ष्य को नेस्तनाबूद करने की क्षमता रखता है। यह विमान 7.4 पेलोड के साथ 54000 से अधिक की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों को अपने अंदर छिपाए रखता है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक इनकी कीमत कम है। एक सुखोई-75 चेकमेट विमान की कीमत 3 से 3.5 करोड़ डॉलर के लगभग होगी।

भारतीय वायु सेना का विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए देश में निर्मित तेजस लड़ाकू विमानों की खरीद की जाएगी। अभी कुछ समय पहले 123 विमानों का आर्डर एचएएल को दिया गया था। अब 97 तेजस और खरीदे जाएंगे। उसके बाद 200 और तेजस विमान लिए जाने की योजना है। भारत में अभी तेजस मार्क-1 बनाए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जीई इंजन एफ-414 वाले तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमानों का निर्माण देश में शुरू हो जाएगा। तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप इसी वर्ष बन जाएगा और अगले वर्ष से इसका उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा। उम्मीद है कि 2026 में इसकी पहली उड़ान पूरी होगी। यह विमान बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान होगा। इसमें एक या दो क्रू बैठ सकेंगे। इस विमान की लम्बाई 47.11 फुट होगी। इसकी ऊंचाई 15.11 फुट और विंगस्पैन 27.11 फुट के लगभग होंगे। इनकी सबसे बड़ी ताकत इनकी स्पीड है। यह अधिकतम 2385 किलोमीटर प्रति घंटे के गति से उड़ान भरेगा। इसकी कुल रेंज 2500 तथा 1500 किलोमीटर लड़ाकू रेंज होगी। यह 6500 किलोग्राम वजन के हथियार लेकर उड़ सकेगा। भारत 5.5वीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान को विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इसे विकसित कर रहा है। यह भारत का पहला स्टील्थ फाइटर होगा। इसका वजन 27 टन होगा। यह भारी और अधिक हथियार ले जाने में सक्षम होगा। उपर्युक्त विमानों के मिलने के बाद भारतीय वायु सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। इस तरह वह चीन व पाकिस्तान के दोनों मोर्चों पर किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम होगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहें हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
आर के विज



# चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में मद्रास हाई कोर्ट के एक निर्णय को पलटते हुए स्पष्ट निर्णय दिया है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत एक गंभीर अपराध है। सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो की धारा 15की व्याख्या करते हुए कहा कि इसके तीनों खंड अलग-अलग स्वतंत्र तीन अपराध हैं। यदि कोई व्यक्ति चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करता है और उसे तत्काल नष्ट नहीं करता और न ही पुलिस को उसकी रिपोर्ट करता है तो उसे धारा 15(1) के तहत अपराध माना जाएगा। इसी प्रकार, यदि ऐसी आपत्तिजनक सामग्री डाउनलोड करने के बाद व्यक्ति उसे दूसरों के साथ साझा करने के लिए कुछ कदम उठाता है तो वह धारा 15(2) के तहत तुलनात्मक रूप से पहले से गंभीर अपराध के लिए जिम्मेदार होगा। इसी प्रकार, यदि आपत्तिजनक सामग्री डाउनलोड करने के बाद वह उसे मुनाफे के लिए लोगों से साझा करने के लिए कोई कदम उठाता है वह धारा 15(3) के तहत एक पृथक एवं स्वतंत्र अपराध का भागी होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 15 की तीनों उप-धाराओं में चाइल्ड पोर्नोग्राफी को दूसरों से साझा करना जरूरी नहीं है। यदि व्यक्ति द्वारा डाउनलोड सामग्री नष्ट नहीं की जाती है तो अपराध के लिए आवश्यक मंशा की अवधारणा की जा सकती है। पोक्सो की धारा 30 के तहत इस अवधारणा का आरोपी द्वारा विरोध किया जा सकता है, परंतु उसे यह संदेह से परे सिद्ध करना होगा कि उसकी मंशा धारा 15 के तहत अपराध करने की नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने धारा 15 के अपराधों को अपूर्ण या अपरिपक्व अपराध, अर्थात गंभीर अपराध घटित करने से पहले की तैयारी वाले अपराध की संज्ञा दी, परंतु इन अपराधों में पुलिस और अभियोजन को आपत्तिजनक सामग्री पर आरोपी का भौतिक या रचनात्मक (कंस्ट्रक्टिव) कब्जा सिद्ध करना जरूरी होगा। ऐसा कब्जा सिद्ध करने पर ही अपराध के लिए आवश्यक मंशा की अवधारणा की जा सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि आईटी एक्ट की धारा 67(बी) चाइल्ड पॉर्नोग्राफी अपराध संबंधी एक पूर्ण कोड है, जिसकी उप-धारा (बी) के अंतर्गत चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ढूंढना, ब्राउजिंग करना, या डाउनलोड करना एक दंडनीय अपराध है। कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट को केवल प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन के आधार पर नहीं बल्कि आरोप-पत्र सहित विवेचना में जुटाई गई समस्त सामग्री का संज्ञान लेने के बाद ही कोई आदेश जारी करना चाहिए था। जब पुलिस द्वारा आरोप-पत्र पोक्सो की धारा 15 के तहत दर्ज किया गया था तो कोर्ट केवल प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन के समय लगाई गई धारा 14 के तहत अंतर्गत निर्णय नहीं कर सकती। फलस्वरूप, सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को गलत ठहराते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट मुकदमे की सुनवाई कर मेरिट पर उसका निराकरण करें। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स/ मध्यवर्ती संस्थाएं की भूमिका पर भी सवाल उठाए। वर्तमान में गृह मंत्रालय के तहत एनसीआरबी द्वारा अमेरिका की एक संस्था 'नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एवं एक्सप्लोइटेड चिल्ड्रन' से एक अनुबंध के तहत इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामग्री उपरोक्त संस्था से साझा की जाती है, परंतु पोक्सो के तहत ऐसी आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी जाती। पोक्सो नियम का नियम 11, इंटरमेडयरीज पर बंधनकारी है जो यह प्रावधान करता है कि पोक्सो के तहत अपराधों की सूचना अनिवार्य रूप से पुलिस को देना एवं आपत्तिजनक सामग्री को एविडेंस हेतु सुरक्षित रखना जरूरी है। यदि इंटरनेट संस्थाएं ड्यू डिलिजेंस के तहत ऐसा करने में विफल रहती हैं तो उन्हें आईटी एक्ट की धारा 79 के तहत 'सेफ हार्बर' की छूट नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कानून में उपयोग की जाने वाली शब्दावली 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' के उपयोग पर भी आपत्ति जताई। चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द बच्चों के शोषण के सही रूप एवं अर्थ को नहीं दर्शाता, बल्कि कहीं न कहीं सहमति की ओर इंगित करता है। इसलिए कोर्ट ने केंद्र सरकार को पोक्सो में एक संशोधन लाकर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' को प्रतिस्थापित करने के लिए भी निर्देश दिए। समग्र रूप से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का उक्त आदेश बच्चों को यौन शोषण से सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण फैसला है जिसका पालन समाज, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर, एवं पुलिस सहित संबंधित सरकारी विभागों को ईमानदारी से करना होगा।

(लेखक सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।


## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

अंतर्मन




आज की पाती

### देश के विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

अर्थशास्त्री प्रोफेसर अर्मत्य सेन ने कहा है कि विकास का राजनीतिक प्रणाली से कोई संबंध नहीं होता। शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, विकास अपने आप होगा। वहीं दूसरी ओर विदेशी निवेशक चाहते हैं कि भारत की रेल, रोड, हवाई और समुद्री यातायात व्यवस्था में सुधार हों तो नए प्रोजेक्टों में निवेश संभव है। हालांकि केंद्र सरकार इसके लिए काम कर रही है। राष्ट्र को विकसित अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नहीं बना सकते, इसके लिए जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित होना जरूरी है। राष्ट्रवाद की भावना हरेक को अपनाना भी जरूरी है, लेकिन सवाल तो यह है कि स्वार्थी दौर में ऐसा करेगा कौन? जहां देश की मुख्य संस्थाओं को भी कुछ लोग सरकार के हाथों की कठपुतली मानते हों, यह सब तो भारत के विकसित राष्ट्र बनने की राह में बाधा है। -**संजय काले**, रायगढ़

ट्रेंड

### संपूर्ण समाज दृष्टिकोण



भारत की स्वास्थ्य प्रणाली प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर देने के साथ सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने के लिए 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण समाज' दृष्टिकोण को अपनाती है।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### स्पष्ट विफलताओं पर पर्दा



नरेंद्र मोदी जी वही पुरानी बातें दोहराने वाले आपके बासी व्याख्यान अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करने वाली आपकी स्पष्ट विफलताओं पर पर्दा नहीं डाल सकते। घरेलू देनदारियां वास्तविक रूप से 2013-14 से 2022-23 तक 241% की वृद्धि हुई है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**


### सुरक्षा से खिलवाड़ मत करो



याद है न अरविन्द केजरीवाल दिल्ली में सीसीटीवी लगवाने के लिए धरने पर बैठे थे। वो कैमरा प्रधानमंत्री की भतीजी का बैग चुराने वाले को पकड़ने में काम आया। मार्शल हटवाकर महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ मत करो बीजेपी वालों।

**-संजय सिंह, आप नेता**

### 'सुनो' और 'मौन' एक जैसे



'सुनो' और 'मौन' एक जैसे अक्षर साझा करते हैं, जो हमें सिखाते हैं कि प्रभावी संचार के लिए दूसरों को सुनना और कब रुकना और प्रतिबिंबित करना है, दोनों की आवश्यकता होती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

करंट अफेयर

## डाउनिंग स्ट्रीट में नए 'चीफ ऑफ स्टाफ' की नियुक्ति



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने एक 'एक बड़ी हस्ती के इस्तीफे' के बाद सोमवार को नए 'चीफ ऑफ स्टाफ' की नियुक्ति की। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री की लेबर पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के पहले 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) '10 डाउनिंग स्ट्रीट' स्थित शीर्ष टीम में व्यापक फेरबदल के बीच की गई है। शीर्ष सिविल सेवक रह चुकीं सू ग्रे को पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने तत्कालीन 'टोरी' सरकार में कोविड-19 महामारी के दौरान महामारी संबंधी कानून का उल्लंघन कर जश्न के आयोजन से संबंधित 'पार्टीगेट' मामले में जांच के लिए नियुक्त किया था। ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के लिए 'टोरी' शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रे ने स्टॉर्मर के शीर्ष सहयोगी के पद से यह कहकर इस्तीफा दे दिया कि उनके वेतन के बारे में मीडिया में आ रही खबरें 'सरकार के लिए ध्यान भटकाने वाली हो सकती हैं।' हाल में आई कुछ खबरों में ग्रे और स्टॉर्मर के मुख्य सलाहकार मॉर्गन मैकस्वीनी के बीच तनाव की बात कही गई थी और कहा गया था कि वह प्रधानमंत्री से ज्यादा कमा रही हैं। 'बीबीसी' ने बताया है कि ग्रे का वार्षिक वेतन 170,000 पाउंड था, जो स्टॉर्मर को मिलने वाले वेतन से लगभग 3,000 पाउंड ज़्यादा है।

ऑफ बीट

## क्या कुत्ता पालना आपके स्वास्थ्य के लिए सही है?



एक साथी के तौर पर कुत्ता पहली पसंद होता है लेकिन मानसिक स्वास्थ्य को कुत्ता पालने का दूसरा सबसे आम कारण बताया जाता है। हम में से कई लोग कहते हैं कि कुत्ता पालने से हम ''स्वस्थ महसूस करते हैं'' – और उन्हें अपने शयनकक्ष में सोने देते हैं। कुत्तों के साथ अपने घरों को साझा करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्या मायने रखता है? क्या कुत्ता पालने से कोई शारीरिक स्वास्थ्य लाभ होता है? कुत्ता पालने से कालांतर में मृत्यु का जोखिम कम होता है। 2019 में, एक व्यवस्थित समीक्षा में 70 वर्षों में प्रकाशित साक्ष्य एकत्र किए गए, जिसमें लगभग 40 लाख चिकित्सा मामले शामिल थे। इसमें पाया गया कि जिन लोगों के पास कुत्ता था, उनके किसी भी कारण से मरने का जोखिम उन लोगों की तुलना में 24 प्रतिशत कम था, जिनके पास कुत्ता नहीं था। कुत्ता पालने का संबंध बढ़ी हुई शारीरिक गतिविधि है। इससे रक्तचाप कम होता है और आघात व हृदय रोग के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। समीक्षा में पाया गया कि जिन लोगों को पहले से हृदय संबंधी समस्याएं (जैसे कि दिल का दौरा पड़ना) थीं, उनके कुत्ते के साथ रहने से मरने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 35 प्रतिशत तक कम हो गया, जो दिल की ऐसी ही बीमारियों से पीड़ित थे लेकिन उन्होंने कुत्ता नहीं पाला हुआ था।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी | वर्ष : 23, अंक : 83 | पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



घोष परिवार ने गहने बेचकर बनवाई थी प्रतिमा

नवरात्रि विशेष

*1982 में बना था कालीबाड़ी स्थित मां काली का मंदिर*

## सोने के गहने बेचकर स्थापित की गई थी मां काली की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मान्यता है कि कालीबाड़ी स्थित मां काली अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। यहां सन 1976 से बंगाली समाज के लोगों द्वारा



बेदी बनाकर मिट्टी से बनी मूर्ति की पूजा की जाती थी। उसके बाद सन 1982 में कोलकाता में निर्मित काले पत्थर की मूर्ति स्थापित की गई, मूर्ति के लिए घोष परिवार को सोने के गहने बेचने पड़ गए थे। यहां हर अमावस्या में मां के ▶▶|शेष पेज 4 पर

बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित चक्रवर्ती ने बताया कि 1976 तक मिट्टी से बनी मां काली की पूजा की जाती थी। बाद में समाज के लोगों ने मूर्ति स्थापित करने का विचार किया। स्व. रामजीवन मुखर्जी, स्व. शंकर गुप्ता, स्व. प्रदीप चक्रवर्ती सहित अन्य सदस्य स्व. शंकर घोष के घर गए और अपनी बात उन्हें बताई। उनकी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मां काली की नौ रूपों का अलग-अलग महत्व

मां काली की पूजा हिन्दू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। वे शक्ति की देवी के रूप में पूजी जाती हैं। मां काली के नौ रूप हैं और प्रत्येक रूप की अपनी विशेषता व महत्व है। पूजा की फलदायिता भक्त की श्रद्धा, भावना और पूजा के पीछे के उद्देश्य पर निर्भर करती ▶▶|शेष पेज 4 पर

## 45 बरस से मां की सेवा जिज्ञासा वहीं कि माता किस रूप में आएंगी



**रायपुर।** 45 बरस पहले आधा दर्जन युवाओं की सोच, संघर्ष और जज्बे से मां दुर्गा की सेवा के लिए दुर्गोत्सव समिति बनी और खुद ही पैसों का इंतजाम कर माता की स्थापना का पर्व प्रारंभ किया। बरसों बीत गए ,पर इस अखंड आस्था के साथ सेवा का अटूट सिलसिला अब भी जारी है। बात हो रही है कंकालीपारा, पुरानीबस्ती नवभारत दुर्गोत्सव समिति की। इनसे जुड़े कर्मठ कार्यकर्ता-सेवक नवभारत सांस्कृतिक मंच के बैनर तले न केवल गणेशोत्सव बल्कि माता की स्थापना में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक समिति उस वक्त सुर्खियों में रही जब रायपुर में खंडपीठ की मांग को लेकर उन्होंने भगवान गणेश का विसर्जन रोक दिया था, तब इस प्रतिकात्मक विरोध और मांग को शांत कराने प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- नवभारत दुर्गोत्सव समिति, नवभारत सांस्कृतिक मंच का जारी है अनवरत आयोजन

### अब इन पर है जिम्मा

समिति और आयोजनों से जुड़े अनिल तंबोली, राजेंद्र तंबोली, आनंद और जयप्रकाश तंबोली की इन आयोजनों में अहम भूमिका रही है। मौजूदा समिति अध्यक्ष जुगल किशोर तंबोली और उपाध्यक्ष जगदीप तंबोली समेत सदस्यों ने बताया कि यहां माता हर बरस अलग अलग रूपों में अवतरित होती हैं। सेवा में सदस्यों के साथ पूरे मोहल्ले का साथ मिलता है।

### पहले 8 हजार तक खर्च, अब डेढ़ लाख

समिति के जयप्रकाश तंबोली ने बताया कि शुरुआत उस समय हुई जब माता की भव्य मूर्ति बनाने में सिर्फ 4 से 8 हजार रुपए तक खर्च होते थे, अब मूर्ति बनाने में ही डेढ़ लाख रुपए तक खर्च हो रहे हैं। समिति के सदस्य खुद से और कुछ लोगों के सहयोग से इसका आयोजन करती आ रही है।

## खबर संक्षेप

### यूपी समेत 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** यूपी समेत देश के 12 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत 27 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मप्र में अगले 2 दिन में मानसून पूरी तरह से लौट जाएगा। यहां तेज गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। राजस्थान में मानसून की विदाई हो चुकी है।

### देश में 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल



**नई दिल्ली।** देश में अब करीब 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जलापूर्ति सुलभ है। यह संख्या कुल ग्रामीण घरों का 78.58 प्रतिशत । ग्रामीण-शहरी अंतर को पाटने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से, इस मिशन का लक्ष्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुचारु हालत में नल का कनेक्शन पहुंचाना है।

### कश्मीर में 10 साल बाद चुनाव, भाजपा और विपक्ष के अपने-अपने दावे

# जम्मू और हरियाणा का आज खुलेगा पिटारा, संघर्ष बड़ा, उम्मीदें भी बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/चंडीगढ़

*जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे मंगलवार को आएंगे। दोनों राज्यों में कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद हो रहे विस चुनाव में भाजपा को काफी उम्मीदें हैं, वहीं विपक्षी गठबंधन आस लगाए हुए है। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को भरोसा है कि वह लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता बरकरार रखने में कामयाब होगी। वहीं, एग्जिट पोल के अनुमान से उत्साहित विपक्षी दल कांग्रेस भी सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है।*

जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 90 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई थी। हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए सभी 90 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इस बार हरियाणा में कांग्रेस ने सीपीएम के साथ मिलकर 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है और एक सीट सीपीएम को दी है। वहीं, भाजपा ने 89 सीटों पर चुनाव लड़ा है। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ा है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सोमवार को बताया, मतगणना स्थलों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। लोकसभा चुनावों के बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच पहला बड़ा सीधा मुकाबला है। इस चुनाव के परिणाम ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कैप्टन अभिमन्यु समेत ये दिग्गज

चुनावी मुकाबले में उतरे प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री सैनी (लाडवा), विपक्ष के नेता हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई), इनेलो के अभय चौटाला (ऐलनाबाद), जजपा के दुष्यंत चौटाला (उचाना कलां), भाजपा के अनिल विज (अंबाला कैंट), कैप्टन अभिमन्यु (नारनौंद), ओ पी धनखड़ (बादली), आप के अनुराग ढांडा (कलायत) और कांग्रेस की विनेश फोगाट (जुलाना) हैं।

### कश्मीर में चप्पे-चप्पे पर जवान



### बागियों की किस्मत का भी होगा फैसला

कांग्रेस और भाजपा दोनों के कुछ बागी भी मैदान में उतरे हैं। निवर्तमान विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या 41 है, कांग्रेस के 28, जजपा के छह, जबकि हरियाणा लोकहित पार्टी और इनेलो के एक-एक सदस्य हैं।

### खोखले साबित न हो जाएं एग्जिट पोल के नतीजे

*जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा के चुनाव हुए हैं। जम्मू-कश्मीर की सभी 90 सीटों पर कुल तीन चरणों में मतदान कराए गए। चुनावी नतीजे से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल की सरकार बनती नजर आ रही है।*

जम्मू-कश्मीर में सस्पेंस

### एलजी के पांच मनोनीत सदस्य बनेंगे किंगमेकर

जम्मू और कश्मीर विधानसभा में उप राज्यपाल द्वारा नामित पांच व्यक्तियों की सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है। कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने सरकार गठन से पहले इन पांच सदस्यों की नामजदगी का विरोध किया है और सुप्रीम कोर्ट में जाने की धमकी दी है। 2019 में धारा 370 को समाप्त करने के बाद जम्मू और कश्मीर का विभाजन दो केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया था। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के अनुसार, उपराज्यपाल महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के लिए दो सदस्यों को नामित कर सकते हैं, यदि उन्हें लगता है कि विधानसभा में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है।





# नवरात्रि में हेमा मालिनी ने धरा मां दुर्गा का रूप

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने बड़े पर्दे पर दशकों तक अपनी एक्टिंग और डांस से फैंस का दिल जीता है। 75 साल की उम्र में भी, वह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दिखाते हुए अपनी डांस परफॉर्मेंस से प्रेरणा देती रहती हैं। मथुरा में एक बार फिर से हेमा मालिनी का डांस देखने को मिला। नव दुर्गा महोत्सव के दौरान मां दुर्गा बनकर उन्होंने खूबसूरती से परफॉर्म किया और कला के प्रति अपने जुनून को साफ-साफ दिखाया। हेमा मालिनी को इस अंदाज में डांस करते देख फैंस की खुशी चरम पर है। नवरात्रि के चौथे दिन, हेमा मालिनी ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में मंच पर दो घंटे तक शानदार तरीके से डांस किया, जिसने वहां बैठे लोगों का दिल जीत लिया।

लाइफ Style

# ट्रेलर रिलीज

## 'सिंघम अगेन' है मॉडर्न रामायण



'सिंघम अगेन' के ट्रेलर ने रिलीज होते ही भौकाल मचा दिया है, जिसे देखकर दर्शकों के रोंगटे खड़े हो रहे हैं। लोग इसे 'रामायण' का मॉडर्न वर्जन बता रहे हैं। फिल्म में बाजीराव सिंघम बने अजय देवगन अगर राम हैं, तो करीना कपूर उनकी सीता. अर्जुन कपूर ने साउथ स्टाइल में रावण वाले वाइब्स दिए हैं, तो तेज-तर्रार टाइगर श्रॉफ लक्ष्मण लगे हैं।


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रेलर में रणवीर सिंह में हनुमान वाला दम दिखा है, मगर शक्ति के किरदार में दीपिका पादुकोण किसकी प्रतीक हैं, इसे लेकर नेटिजेंस सोशल मीडिया पर माचा-पच्ची कर रहे हैं। दीपिका शक्ति शेट्टी के रोल में 'लेडी सिंघम' हैं जो पुलिस यूनिफॉर्म में बेहद दमदार लग रही हैं। वे वुमन इंपावरमेंट की प्रतीक हैं। लोगों ने उनके जबरदस्त एक्शन सीन को एन्जॉय किया. एक्ट्रेस के एंट्री सीन से लेकर उनके एक्शन-पैक सीन तक, यह साफ है कि वे एक पुलिस ऑफिसर के रोल में कमाल कर रही हैं। उनका एक डायलॉग- 'मैं सिंघम नहीं... मैं लेडी सिंघम हूं रे!'

फैंस को खासा पसंद आ रहा है। फिल्म को लेकर रोमांच चरम पर है और फैंस बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर देखकर लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि दीपिका पादुकोण 'सिंघम अगेन' में नए जमाने के विभीषण का किरदार निभा रही हैं। निर्देशक रोहित शेट्टी की तारीफ है कि उन्होंने 'सिंघम अगेन' को रामायण के मॉडर्न वर्जन के तौर पर पेश किया है, जिसमें सुपरकॉप एवेंजर्स की ताकतवर टीम की तरह दिख रहे हैं। फिल्म दिवाली पर रिलीज के लिए बिल्कुल तैयार है।

# पर्दे पर धमाल मचाने को 'वेट्टैयन' तैयार

**मुंबई।** रजनीकांत अपनी बहुप्रतीक्षित क्राइम एक्शन-थ्रिलर फिल्म वेट्टैयन से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सुपरस्टार के साथ महानायक अमिताभ बच्चन भी दिखेंगे। यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की प्री-बुकिंग भी शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर शहरों में प्री-बुकिंग उपलब्ध है और इस फिल्म की टिकटें तेजी से बिक रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म प्री-बुकिंग में रिकॉर्ड बनाएगी। केरल राज्य में भी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। फ्राइडे मैटिनी नाम के ट्विटर पेज की रिपोर्ट की मानें तो इस एक्शन फिल्म की प्री-सेल से करीब 50 लाख रुपए की कमाई हो चुकी है। साथ ही, बताया गया है कि राज्य में अभी तक करीब 26,000 टिकटें बिक चुकी हैं।



# फिल्म के सेट पर हाथियों का हंगामा



**मुंबई।** केरल में विजय देवराकोंडा की आगामी फिल्म वीडी12 (VD 12) की शूटिंग को बीच में ही रोक दिया गया। शूटिंग रोकने का कारण कुछ और नहीं, बल्कि दो हाथी थे। दरअसल, केरल के कोठामंगलम के पास फिल्म की शूटिंग चल रही थी। निर्माता भूतथानकेट्टू जंगल के पास दो हाथियों के साथ दृश्यों की शूटिंग कर रहे थे, लेकिन ये हाथी एक दूसरे से ही सेट पर भिड़ गए, जिससे सेट पर अफरा-तफरी मच गई और शूटिंग को रोकना पड़ा। निर्देशक गौतम तिन्नानुरी अपनी फिल्म के लिए हाथियों के साथ शूट करना चाहते थे। फिल्म की यूनिट ने दो हाथी मंगवा लिए। कोठामंगलम में ये शूटिंग शुरू भी कर दी गई। हाथियों के साथ दृश्यों की शूटिंग के दौरान दोनों अचानक से नाराज हो गए और सेट पर लड़ने लगे। इस दौरान चिंतित कलाकारों और क्रू ने हाथियों को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास व्यर्थ गए।

# नेहा धूपिया करेंगी एमटीवी रोडीज सीजन 20 में वापसी

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री नेहा धूपिया एमटीवी रोडीज शो में मेंटर के तौर पर फिर वापसी करने जा रही हैं। नेहा को उनके बोल्ड अंदाज के लिए जाना जाता है। नेहा को इस शो में एक बार फिर से उसी सीधे सपाट फैसले लेते देखा जा सकेगा। नेहा धूपिया के साथ इस शो में रणविजय सिंह और प्रिंस नरूला को देखा जाएगा। एमटीवी रोडीज के कुछ बहुत ही खास सीजन के बारे में बातें हो चुकी हैं। ये शो अब अपने अगले सीजन के



साथ प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आया है। खबरों की मानें तो शो मेकर्स का कहना है कि हमने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की बाढ़ देखी है और हम उनकी आवाजों को अनदेखा नहीं कर सकते हैं। एमटीवी की ओर से भी एक अपडेट जारी की गई है। जारी अपडेट में बताया गया कि 13 अक्टूबर को नोएडा, 15 अक्टूबर को चंडीगढ़, 18 अक्टूबर को हैदराबाद, 20 अक्टूबर को पुणे में डबल क्रॉस ऑडिशन किए जाएंगे।

डॉ.वाशानी दर-दाँत बायो-डेंट गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
® असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

# बहन करिश्मा कपूर की खोली पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में चर्चित बहनों की जोड़ी करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर अब द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में मस्ती मजाक और बातें करती नजर आने वाली हैं। शो में बेबो और लोलो की मस्ती का अंदाज दिखाई देने वाला है। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो ने जारी नए प्रोमो एपिसोड में करीना कपूर खान से कपिल पूछते हैं कि करिश्मा की एक बात जो आपको पसंद नहीं आती है। इस पर करीना कपूर जवाब देती हैं, कि ये तैयार होने में बहुत टाइम लगाती है। करीना का ये जवाब सुनकर करिश्मा हंसने लगीं। शो के जारी प्रोमो में कपिल शर्मा कुछ सवाल करीना से पूछते हैं कि बच्चे ज्यादा शरारती हैं या बच्चों के पापा। करीना ने इस पर जवाब दिया आपको तो पता ही होगा, कितनी बार आपके शो में आ चुके हैं। सैफ अली खान को लेकर अभिनेत्री कई बार मस्ती भरी बातें करते देखा गया है। करीना कपूर खान ने शो में बताया कि सैफ अली खान से करीना ने अपने प्यार का सबूत मांगा था। उन्होंने कहा था कि अगर आप मुझसे प्यार करते हैं तो आपको मेरे नाम का टैटू बनवाना पड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान अब सिंघम अगेन में नजर आने वाली हैं। इससे पहले करीना को 'द बकिंघम मर्डर' में देखा गया था।



# हीरोगिरी छोड़ खलनायकी में उतरा स्टार किड

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई स्टार किड्स ने हुनर के दम पर अपनी पहचान बनाई है। इस लिस्ट में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अक्षय खन्ना जैसे सितारे शामिल हैं, लेकिन कइयों का आज भी स्ट्रगल जारी है। एक स्टार किड की 24 साल में 29 फिल्में फ्लॉप हुई हैं। उन्होंने सिर्फ एक सोलो हिट फिल्म दी है। किसी भी एक्टर के करियर में फिल्मों के हिट और फ्लॉप होने का खेल चलता रहता है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे स्टार किड का नाम बताएंगे, जिन्होंने अपने दम पर सिर्फ एक हिट फिल्म दी है। अब वह फिल्मों में हीरोगिरी दिखाने के बाद खलनायकी में उतरने वाले हैं। हम जिसकी बात कर रहे हैं उनका नाम है अभिषेक बच्चन। बॉलीवुड इंडस्ट्री में अभिषेक बच्चन को लगभग 24 साल हो गए हैं। अब खबर है कि अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे. इसका डायरेक्शन सुजॉय घोष कर रहे हैं। फिल्म में शाहरुख खान, सुहाना खान और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। शाहरुख खान की फिल्म में अभिषेक बच्चन खलनायक के रोल में नजर आएंगे। फिलहाल, फिल्म पर काम चल रहा है। 'रिफ्यूजी' के बाद अभिषेक बच्चन की बैक-टू-बैक 11 फिल्में फ्लॉप रहीं। उनकी पहली हिट फिल्म थी 'धूम'। इसमें उन्होंने पुलिस ऑफिसर का रोल निभाया था, लेकिन फिल्म की सक्सेस का सारा क्रेडिट जॉन अब्राहम ले गए थे।



# हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### कस्टमर केयर वर्क

Requirment- Required Female Customer Care Executive, Graduate in any discipline with 01 Year Computer Experience in MS Excel & Word. Salary up to 15K based on Experience. Send your CV on WhatsApp 8962558417.(RO-5964)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### फिटर/हेल्पर

आवश्यकता है
रायपुर रिश्ता लोहा बाजार में
2 सुपरवाइज़र
4 वेल्डर, 6 हेल्पर,
2 टर्नर, 1 कटर,
4 फिटर
की आवश्यकता है
सम्पर्क करें
9893070113

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलु कार्य हेतु सुबह 8 से रात 8 तक बाई चाहिए। खाना बना लेने वाली को प्राथमिकता, एक समय खाना और अच्छा वेतन (सहमती से तय) दिया जाएगा। टाटीबंध रायपुर फोन 9425518442 (केवल 8-9 सुबह- शाम) (RO-5955)

### Healthcare

चमड़ी रोग

क्या आप कोई गंभीर चमड़ी रोगो से परेशान है जिसका उपाय नहीं मिल रहा हो, इसमे सोरियासिस एक जटिल लाईलाज रोग हैं। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते। इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुंसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखुनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल (फार्मासाइटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़) समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

### सेल्समैन

आवश्यकता है- रायपुर में मार्केटिंग के लिए एफएमसीजी कंपनी को अनुभवी सेल्समेन की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, 5 पोस्ट, स्वयं का वाहन जरूरी। आफिस समता कॉलोनी। संपर्क: 9109062761. (RO-5961)

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- ओटी टेक्नीशियन (पुरूष), PRO, नर्स, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कान्ता हॉस्पिटल ओवरब्रिज के नीचे जोरा रायपुर - 9300734153, 0771-2994153. (RO-7405)

### डिलिवरी/कम्प्युटर कार्य

आवश्यकता है- कोरियर आफिस पंडरी मे कोरियर डिलिवरी एवं आफिस में कम्प्यूटर, कार्यहेतु लड़के चाहिए। जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड, पंडरी रायपुर 9575633156. (RO-Meeth)

### मिलमिस्त्री/हेल्पर

आवश्यकता है- दुर्ग स्थित राईसमिल हेतु एक मिलमिस्त्री अनुभवी के साथ एक हेल्फर एवं 3 सुपरवाइजर लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा, चावल, सिलेंडर फ्री। संपर्क:- जवाहरनगर नवीन ट्रांसपोर्ट के बाजू में दुर्ग मो.- 93033-09932, 79870-85401.(आरो -599)

### देखरेख कार्य

आवश्यकता है- रांची (झारखंड) ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 7772063278, 6264975695. (RO-35528)

### घरेलु कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- कार्य तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/ महिलाये चाहिए। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000.(RO-1227)

### वेल्डर/फिटर

आवश्यकता है- रायगढ़, भिलाई, रायपुर, बलौदा बाजार, कोरबा, चांपा पावर प्लांट इंजीनियर सिविल, पॉलिटेकनिक कोपा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑफिस कार्य इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाइजर, वेल्डर कटर फिटर गार्ड चपरासी, ड्राइवर, स्टोर कीपर, ऑफिसर, (रहना खाना+ मेडिकल फ्री) सम्पर्क- बिलासपुर 8962527013.(RO-35460)

## Services सर्विसेस

सर्विस -चल अचल संमपत्ति के समाधान के लिए निःशुल्क समाधान प्राप्त करें संपर्क- 87701-81033.(RO-3752)

### अन्य

आवश्यकता है- Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियॉं गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9155382119, 7050656611.(RO-488)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- भारत की नंबर-1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call करें:- 8101180949, 6297110215. (RO-3029)

आवश्यकता है- Airport डायरेक्ट भर्ती अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, ड्राईवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस, फंड, बोनस, (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर संपर्क:- 9205219535.(RO-3011)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841.(RO-3035)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

### टॉवर

टॉवर लगवाए- टॉवर Govd. अप्रूड ATC नेटवर्किंग प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा अपनी खाली जगह, छत, दुकान में 5G मोबाइल टॉवर लगाये, एडवांस 90 लाख, किराया-80000/-. नोकरी+ बाइक. टोल फ्री- 01204955355.(आरो न.- 600)

## Education शिक्षण

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.- 6387)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Property प्रापर्टी

### मकान

मकान बेचना है- शहर के प्राईम लोकेशन तालपुरी भिलाई में (मोंगरा) हवादार, तीनों तरफ से खुला, मेन रोड पर बेचना है। सपंर्क :-7470642623. (आरो -597)

मकान बेचना है- मकान दुर्ग साईनगर चिखली धमधा रोड नवनिर्मित स्वतंत्र नया मकान बेचना है, फालसिलिंग पर्सनल बोर किया हुआ फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। सम्पर्क करें:- 9691631036, 9111008008.(आरो-598)

### प्लाट

प्लॉट बेचना है - बेस्ट इन्वेस्टमेंट प्लाट ही प्लाट दुर्ग के प्राइम लोकेशन पुलगांव लक्ष्मी मार्केट से मात्र 6km दूरी पर 421रु.fit में रजिस्ट्री फ्री ,चंदखुरी हनोदा मार्ग से लगा 40fit रोड में लगा हुआ प्लाट 550रु.fit में डायवर्सन फ्री तुरंत मकान बनाकर रहने लायक जल्द कीजिए प्लाट सीमित संपर्क:- 9770047215, 6260058087. (आरो न.- 1803)

## For Rent किराया

किराये से देना है- 2000 वर्गफुट(50x40) हॉल कोचिंग ऑफिस, गोदाम सीएंडएफ, वेयरहाउस हेतु पार्किंग सुविधायुक्त किराए पर देना। अपोजिट मंडीगेट, नीयर बंसल पब्लिक स्कूल, पंडरी रायपुर. 9301128678, 7974570771.(RO-311)

## Purchase खरीदना

खरीदना है- बीएसपी लीज कॉर्नर क्वार्टर सेक्टर 2 में. रेंट वाले भी संपर्क करें। संपर्क :-7999195788. (आरो -596)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**श्री रावतपुरा सरकार**
इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी
फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
**बी.फार्मा**
**डी.फार्मा, एम.फार्मा**
काउंसलिंग की तिथि
07-10-24 से 11-10-24 तक
7222910430/41

**भिलाई।** कंटेमर की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहंची पुलिस ने शव को मरचूरी भेजवाया। मामले में चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

# 11 नग सागौन सिलपट जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, 10 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- आरोपी से सुअर दांत कलच वायर बंदर की खोपड़ी भी बरामद

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में वन विभाग ने सागौन तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से सागौन के चिरान के साथ जंगली सुअर दांत, कछुए का छाल, बंदर की खोपड़ी, कलच वायर का फंदे भी जप्त किया गया है। वनविभाग ने बताया कि रिसगांव कोर एरियाद्ध के कक्ष क्रमांक 246 में दिनांक 5 अक्टूबर को ग्राम संबलपुर उड़ीसा के 11 व्यक्तियों के द्वारा अपने स्वयं के कुल्हाड़ी आरा लेकर बलात प्रवेश कर 14 नग सागौन वृक्षों की कटाई कर 11 नग सिलपट बनाकर ले जाते समय पेट्रोलिंग श्रमिक और संयुक्त वन प्रबंधन समिति साल्हेभाठ के सदस्यो के द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ने की कोशिश किया गया, जिसमे 01 व्यक्ति सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पूछताछ के लिए बाकि 10 व्यक्ति मौके से फरार हो गये। सुकालू राम को पकड़कर परिक्षेत्र कार्यालय रिसगांव लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उसने 10 आरोपी क नाम बताया। आरोपी को पुलिस थाना सिहावा में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। दिनांक 7 अक्टूबर को प्रकरण के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व का सहयोग लिया गया। एन्टीपोचिंग टीम के द्वारा 3 आरोपियों के द्वारा छुपाये गये स्थान से 7 नग सागौन स्लीपर को जप्त किया गया। 10 आरोपी अभी फरार हैं।



# बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** ग्राम परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना में जांच के बाद रविवार को केस दर्ज कर लिया गया है। मर्ग जांच में पाया गया कि हितेश सिंह पिता चंदन ठाकुर 22 साल निवासी डोंगरीपाली अपनी पत्नी चांदनी ठाकुर को साथ लेकर 10 मई को बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 2427 ससुराल ग्राम बनसिवनी जाने के दौरान परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य बालाजी राईस मिल के पहले तुमगांव रोड़ पर सामने से आ रहीं बजाज प्लेटिना बाइक क्र. सीजी 06 जीपी 8502 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेजी से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हितेश सिंह के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मार दी, जिससे हितेश ठाकुर के सिर, चेहरा, बांया पैर के घुटने एवं सीने में चोटे आई। अस्ताताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# औरा बिटकाइन व क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी तीन आरोपी जेल दाखिल



**कांकेर।** औरा बिटकाइन व क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी मामले में कांकेर पुलिस को तीन आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली है, वहीं मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पकड़ाए तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल की सलाखों में भेजा गया। कांकेर थाना में 30 सितंबर को एकता नगर कॉलोनी कांकेर निवासी 47 वर्षीय विजय कुमार मीनपाल ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराया था कि धमतरी निवासी निर्मल सार्वा व उसके साथी पुणे निवासी मेहताब आलम के द्वारा 32 लाख 26 हजार 289 रूपएं ऑनलाईन व 31 लाख 80 हजार रूपएं नगद औरा बिटकाइन क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, एएसपी मनीषा रावटे एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मागदर्शन में निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने धमतरी से आरोपी निर्मल सार्वा को 4 अक्टूबर को गिरफतार कर पुलिस रिमाण्ड लेकर मेमोरेण्डम कथन के आधार पर बैंक स्टेटमेंट जप्त किया गया, जिसमें 1 करोड़ 1 लाख 51 हजार रूपएं ऑनलाईन ट्रांजक्शन बिट क्वाईन के नाम से होना पाया गया। प्रकरण से संबंधित अन्य आरोपी राजू गुप्ता को 5 अक्टूबर को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी धमतरी निवासी भूपेश चौधरी का पतासाजी कर 6 अक्टूबर गिरफ्तार किया, जिसके बैंक खाता का स्टेटमेंट में औरा बिट क्वाईन के नाम से 20 लाख 52 हजार रूपएं का ट्रांजेक्शन होना पाया गया।




**RAIPUR:** SKY AUTOMOBILE: 8889996586, 8889998611, 8889998605 | **MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: AVANTI VIHAR**: SKY AUTOMOBILES: 9584465304, 9111107029 | **BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9179424485, 7089688410 | **DURG BYPASS:** CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910005, 7222910057 | **DURG: PULGAON CHOWK:** SPARSH AUTOMOBILES: 9179424485 | **JAGDALPUR:** SKY AUTOMOBILES: 6260288613, 8889998641 | **BHATAGAON**: HDN MOTORS: 7909800009. **SARONA:** VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620109, 6262620093 | **DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD:** SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.




**Raipur: Swastik Sales Enterprises,** Ph: 8770899177, 8770598006; **R C Motors,** Ph: 9522272732, 9522272725; **Raipur Yamaha Auto Care,** Ph: 9111824000, 9039324000; **Bhilai: Ishan Autoworld,** Ph: 8602121212, 8871212121; **Dhamtari: Shivam Planets,** Ph: 8889070333; **Jagdalpur: Laxmi Trading Company,** Ph: 9406006000, 9074040740; **Rajnandgaon: Padmawati Bike World,** Ph: 9993876300, 9174429000; **Durg: Ishan Autoworld,** Ph: 8602121212, 8871212121; **Balaoda Bazar: A.K Motors,** Ph: 8839652169, 9669195169; **Rajim: Ambilkar Motors,** Ph: 8120132200, 9111344150; **Pakhanjur: Ansu Automobiles,** Ph: 8770899177; **Saraipali: Sweety Automobile,** Ph: 9179060000; **Kanker: Shivam Global,** Ph: 8889070444; **Bolangir: Jairam Motors,** Ph: 6372703005, 8117911265; **Bargarh: Shivam Motors,** Ph: 9938120588, 797856321; **Sonepur,** Ph: 9937535378; **Khariar,** Ph: 9556605754; **Padampur,** Ph: 9777767175; **Attabira,** Ph: 8018927369; **Titlagarh,** Ph: 8249952614.

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/19/एनजीपी/2024-25
**कार्य का नाम:** एडीईएन, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत - **(1)** मुख्य लाइन में ट्रॉली रिफ्यूज का निर्माण। **(2)** मिड सेक्शन में ड्रेन और यार्ड का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,19,40,122/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,59,700/-

**2. निविदा क्र.:** सी/20/एनजीपी/2024-25
**कार्य का नाम:** एडीईएन, तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत - **(1)** ग्राउटिंग कार्य, रिटेनर दीवार को ऊपर उठाना, LHS TT-1, TT-6 और TT-10 के क्रॉस ड्रेन के कार्य। **(2)** TRDI पर ROB क्रमांक 184 के अप्रोच रोड़ की मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,30,90,069/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,15,500/-

**3. निविदा क्र.:** एन/20/एनजीपी/2024-25
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के अंतर्गत FB वेल्ड्स (109490 जॉइंट्स) का फेस्ड एरे अल्ट्रासोनिक वेल्ड परीक्षण किया जाना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 11,01,68,838/-
**बयाना राशि:** ₹ 7,00,900/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दि. **24.10.2024** के **15:00** बजे तक जमा करें। इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं व ऐसे प्राप्त प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे।
उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/28-119

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# भोपाल में बरामद 1800 करोड़ की ड्रग का मंदसौर कनेक्शन, आरोपी हरीश ही करता था ड्रग सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के बगरौदा में दल्लिी एनसीबी और एटीएस गुजरात की रेड में मिली 1800 करोड़ की एमडी ड्रग्स के मामले में तस्करों का अंतर्राज्यीय कनेक्शन निकला है। दरसल, मंदसौर पुलिस ने इसी मामले में एक आरोपी हरीश आंजना को गिरफ्तार किया था। भोपाल से पकड़े गए अमित चतुर्वेदी और प्रकाश सान्याल से हरीश का कनेक्शन निकला है। पूछताछ में उसने इस गैंग के कुख्यात तस्कर प्रेम पाटीदार के अलावा राजस्थान और मध्यप्रदेश के पांच तस्करों के और नाम उगले हैं। इतना ही नहीं उसने प्रेम पाटीदार से हाल ही में हुए ड्रग्स के लेन-देन की बात भी कबूली है। आरोपी के इस खुलासे के बाद आधा दर्जन राज्यों की पुलिस सक्रिय है। वहीं वह आरोपी सान्याल के संपर्क में सबसे पहले आया था। एमडी ड्रग की सप्लाई का काम हरीश आंजना ही देखता था। इस तरह का खुलासा होने के बाद गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा सहित कई राज्यों की पुलिस सक्रिय हो गई और सूचना के आधार पर जगह जगह छापे मारी शुरू कर दी है। हरीश को मंदसौर पुलिस ने नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माल्या में दबिश देकर पकड़ा है।

■ मध्यप्रदेश ही नहीं गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब सहित कई राज्यों तक ड्रग तस्करी का कारोबार


## पूर्व तट रेलवे

नीलामी कैटलॉग नं.: WAT-MaChr-014

(1) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-VSKP-MaChr-45-24-1(Misc-Static-Services-Relaxation Chair)

**विवरण :** विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन में विश्राम कुर्सी (Relaxation Chair) का संस्थापन, परिचालन एवं रख-रखाव।

(2) लॉट नं./वर्ग: MSS-WAT-CHE-BCA-12-23-1 (Misc-Static-Services-Battery Operated Carts with Advertisement)

**विवरण :** श्रीकाकुलम रोड रेलवे स्टेशन में यात्रियों को ले जाने के लिए BOC ऑपरेटरों/चालकों के साथ विज्ञापन सहित बैटरी चालित गाड़ियों (BOCs) की आपूर्ति, परिचालन एवं रख-रखाव।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10.2024 को 1100 बजे (सभी क्रम सं. हेतु)।
लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 14.10.2024 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 1140 बजे (क्रम सं. 2 हेतु)।
न्यूनतम वृद्धि : 0.2%, लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया।
संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर
PR-592/P/24-25


सियासत की रसोई : बनाया चने का साग और बैगन

# कोल्हापुर में दलित परिवार के किचन में पहुंचे राहुल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों महाराष्ट्र का दौरा किया था। इस दौरान दौरान कोल्हापुर में एक दलित परिवार के यहां न केवल खाना खाया बल्कि दलित किचन में जाकर सब्जी-भाजी बनाने में हाथ आजमाए. अब इसका वीडियो उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। कोल्हापुर में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद राहुल गांधी राज्य कांग्रेस के बड़े नेताओं और सुरक्षाकर्मियों के साथ सीधे 50,000 की आबादी वाले उंचगांव गांव पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के वह अजय कुमार तुकाराम सनदे के घर पहुंचे तो हर कोई हैरान रह गया। इस दौरान राहुल ने पहले चाय पी और अचानक कहा कि उन्हें 'भूख लग रही है' और वे कुछ खाना चाहते हैं।

घबराते हुए, सनदे परिवार ने उनसे पूछा कि वह क्या खाना पसंद करेंगे। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि चिंता मत करो, मैं खुद हम सबके लिए कुछ बना दूंगा. इसके बाद सनदे दम्पति ने उन्हें बगल की रसोई में ले गए, जहां उन्होंने परिवार के साथ खाना बनाया।

टूरिस्ट बस पर चढ़ गया तेंदुआ...पर्यटकों की अटकी सांस

# डर में बदल गया सफारी का रोमांच



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बन्नेरगट्टा राष्ट्रीय उद्यान में टूरिस्ट बस पर अचानक तेंदुआ चढ़ गया। बस के विंडो का शीशा खुला हुआ था। तेंदुए को देखकर सफारी का मजा ले रहें यात्रियों सांस अटक गई। देखते ही देखते सफारी का रोमांच तब डर में बदल गया जब एक तेंदुआ उनकी बस की खिड़की पर अचानक चढ़ गया।
इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तेंदुआ न सिर्फ खिड़की पर चढ़ने की कोशिश करते हुए दिखायी दे रहा है बल्कि उसे खिड़की से भयभीत पर्यटकों की ओर झांकते हुए भी देखा जा रहा है। बाद में तेंदुए ने बस के ऊपर चढ़ने की कोशिश की। हालांकि, बस ड्राइवर ने धीरे-धीरे बस आगे बढ़ानी शुरू की और बाद में तेंदुआ जंगल की ओर लौट गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) उत्तर बस्तर संभाग क्रं.2 जगदलपुर

-: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक 2707/NIT-03/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 4/10/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16.10.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23.10.2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 24.10.2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
ठेकेदार की श्रेणी :- द से अ श्रेणी हेतु
निविदा प्रपत्र की राशि :- रू. 750 एवं 1500/-
कार्य की अवधि :- दिनांक 28.02.2025

| एन.आई.टी क्रमांक / निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.) बैंक साल्वेंसी (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0020 | कोसा बीज प्रगुणन केन्द्र मसगांव विकासखण्ड बकावण्ड में टसर सीड प्रगुणन भवन का निर्माण। | 45.09<br>33850.00<br>676350.00 |
| T0021 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईच्छापुर जिला बस्तर में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्य। | 5.00<br>3750.00<br>75000.00 |
| T0022 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुंगारपाल जिला बस्तर में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेंट कार्य। | 4.68<br>3550.00<br>7200.00 |

टीप :- अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रं. 2 जगदलपुर
G-242502985/2

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENTOFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
(First Call)

**System Tender No. 159417/ NIT No.: 11/SAC/24-25 Dated: 03.10.2024**

Online Tenders are invited for the following work up to 24.10.2024 at 17.30 Hours.
Name of work - **Beautification and Construction of Ghat near Datrenga on Kharun River in Block Dharsiwa, District Raipur.**
Probable Amount of Contract: - **Rs. 716.57 Lakhs**
**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 10.10.2024, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

**NOTE** - All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process. Pre Bid Qualification Certificate valid upto 30.09.2025 is only applicable.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1, Raipur**
**For, Chief Engineer, Mahanadi Project**
**Raipur (C.G.)**
G-242502994/4

## कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति बरमकेला
## जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
mandi.baramkela@gmail.com

क्र./मण्डी/निर्माण/2024-25/229 बरमकेला, दिनांक 07.10.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक निर्माण विभाग छ.ग. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' (तीन लिफाफा पद्धति) में निविदा आमंत्रित की जाती है

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर शुल्क नगद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक - 22.10.2024 (अपरान्ह 5.00 बजे)
2. निविदाएं रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट से कार्यालय में प्राप्त करने का दिनांक - 29.10.2024 (अपरान्ह 5.00 बजे)
3. निविदा खोलने का दिनांक - 30.10.2024 (दोपहर 12.00 बजे से)

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य का स्थल | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | बयाने की राशि (एफ.डी. आर. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मण्डी समिति बरमकेला के उपमण्डी प्रांगण सरिया के मूल मण्डी क्षेत्र में अपेक्स बैंक के सामने अहाता एवं शेड निर्माण कार्य। | कृषि उपज मण्डी समिति बरमकेला | 19.16 | 14500/- | डी एवं उच्च | 4 माह | 3000/- | लोक निर्माण विभाग भवन/सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.15 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.। |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त/देखे जा सकते हैं जो कि निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग होगा।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

S-41708/1

## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर
## (आदिवासी विकास शाखा)
Phone/Fax No. 07782-222520, Email:- actd.jdp@gmail.com

क्रमांक / 4136/आ.वि./स्व.तन-स्व.मन /2024-25/
जगदलपुर, दिनॉक 04/10/2024

**-:: मानदेय पर निजी प्रेक्टिसनर चिकित्सक हेतु विज्ञापन:-**

छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश क्र./एफ-15-4/2007/25-2/6464/ दिनांक 16.08.2007 एवं पत्र क्रमांक / छा.आ./40/2013-14/6660/ रायपुर, दिनांक 29.08.2013 द्वारा **"स्वस्थ तन-स्वस्थ मन"** (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत विभागीय छात्रावास / आश्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./बी.ए.एम.एस.) से एक अथवा एक से अधिक संस्थाओं के लिए दिनांक 14.10.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है अधिक जानकारी एवं नियम तथा शर्तों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जिला-बस्तर, जगदलपुर से संपर्क करें।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर
G-242502987/2

## जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा
## जिला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा (छ.ग.)
Email- dplcdantewada@gmail.com,

क्रमांक /304 / जि.परि.ला.कॉ.दं./टाटा मेजिक / निविदा / 2024-25
दंतेवाड़ा, दिनांक 04/10/2024

**-: निविदा सूचना :-**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा, द्वारा दन्तेवाड़ा जिले के विकासखंड-गीदम, कुआकोण्डा, कटेकल्याण क्षेत्र में आवा-गमन सुविधा को बढ़ाने के लिए एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ते हुए महिला स्व सहायता समूह एवं अन्य द्वारा टाटा मेजिक वाहन का संचालन किया जाना है। टाटा मेजिक का आर. टी.ओ.कार्य एवं बीमा व अन्य कार्य हेतु अधिकृत डीलर व सप्लायर से निविदा आमंत्रित करता है। इच्छुक अधिकृत डीलर व सप्लायर अधिक जानकारी हेतु जिला दन्तेवाड़ा के शासकीय वेबसाईट www.dantewada.nic.in का अवलोकन कर सकते है।
निविदा प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि :- 25-10-2024 3PM
निविदा खोलने की तिथि :- 25-10-2024 4 PM
**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

प्रभारी अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर)
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग.
S-41706/1

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
## जिला चिकित्सालय जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/निविदा/क्रय/ 2024-25 /2119 जगदलपुर दिनांक 04/10/2024

**तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जगदलपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से चिकित्सालय में उपयुक्त होने वाले इम्प्लांट्स की आपूर्ति हेतु कार्यालय द्वारा मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। तृतीय निविदा प्रपत्र प्राप्ति के लिए आवश्यक शर्तों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक रूपये 2000 /- रूपये ( दो हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का नगद भुगतान कर जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। तृतीय निविदा से संबंधित से संबंधित जानकारी कार्यालय या जिले की विभागीय वेबसाईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय तिथि - 07 अक्टूबर 2024 (कार्यालयीन समय में)
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - 16 अक्टूबर 2024 (दोपहर 2:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 16 अक्टूबर 2024 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि - 16 अक्टूबर 2024 शाम 04:00 बजे
( निविदा शर्तों का सही व पूर्णतः अध्ययन कर ही निविदा में भाग ले)

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय जगदलपुर
G-242502984/2

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
## जिला चिकित्सालय कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमॉक/स्टोर/2024/3364 कबीरधाम दिनॉक 04/10/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय में पौष्टिक भोजन व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थानीय स्तर पर केवल कबीरधाम जिला में पंजीकृत फर्म/संस्था/समुह से सील बंद निविदायें पंजीकृत डॉक के माध्यम से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र निविदा की शर्तें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से 1000/- रू. नगद राशि जमा कर, जो कि किसी भी परिस्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा। दिनांक 08.11.2024 अपरांह 05:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस (शासकीय अवकाश को छोड़कर) में प्राप्त किया जा सकता है :-
**स्थान- कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जिला कबीरधाम छ०ग०**
01. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि- 08.11.2024 अपरांह 05:00 बजे।
02. निविदा जमा करने अंतिम तिथि - 12.11.2024 अपरांह 03:00 बजे।
03. निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 12.11.2024 सायं 04:00 बजे।

सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय
जिला चिकित्सालय कबीरधाम (छ.ग.)
G-242502977/4

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
## शासकीय जिला चिकित्सालय, दुर्ग (छ.ग.)
(ई-मेल- csdurg.cg@gmail.com, दूरभाष क्र. 0788-2322808)

क्रमांक/ जि. चि. / निविदा / 2024 / 7630 दुर्ग, दिनांक 04/10/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय दुर्ग परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र दुकान का संचालन / फायर फाईटिंग सिस्टम का वार्षिक रखरखाव / ए.सी. की मरम्मत व वार्षिक रखरखाव व एयर हेण्डिलिंग यूनिट (ए.एच.यू.) की पूर्ण वार्षिक रखरखाव / सुरक्षा व्यवस्था हेतु पृथक-पृथक मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र ( नियम एवं शर्ते) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निविदा शुल्क राशि जमा कर कार्यालयीन दिवस (शासकीय अवकाश को छोड़कर) कार्यालय कक्ष क्रमांक-35 से प्राप्त किया जा सकता है जो वापसी योग्य नहीं है।

| क्र. | निविदा का विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | | निविदा खोलने की तिथि | | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिथि | समय | तिथि | समय | तिथि | समय | |
| 1 | जि.चि. परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र दुकान का संचालन। | 12.10.2024 | शाम 05 बजे तक | 16.10.2024 | दोपहर 03 बजे तक | 16.10.2024 | शाम 04 बजे | रू. 500 |
| 2 | जि.चि दुर्ग के मुख्य भवन एवं एमसीएच विंग में स्थापित Fre Fighting Hydrant Systems, पंप, एवं अन्य आवश्यक उपकरण के पूर्ण वार्षिक रखरखाव (एएम.सी.) हेतु। | 21.10.2024 | शाम 05 बजे तक | 22.10.2024 | दोपहर 02 बजे तक | 22.10.2024 | शाम 04 बजे | रू. 500 |
| 3 | जि.चि दुर्ग स्थापित ए.सी. की मरम्मत व वार्षिक रखरखाव एवं एयर हेण्डिलिंग यूनिट (ए.एच.यु.) की पूर्ण वार्षिक रखरखाव (द्वितीय निविदा) | 23.10.2024 | शाम 05 बजे तक | 24.10.2024 | दोपहर 03 बजे तक | 24.10.2024 | शाम 04 बजे | रू. 500 |
| 4 | जि.चि दुर्ग की सुरक्षा व्यवस्था हेतु। | 28.10.2024 | शाम 05 बजे तक | 30.10.2024 | दोपहर 03 बजे तक | 30.10.2024 | शाम 04 बजे | रू. 1000 |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक दुर्ग (छ.ग.)
G-242502991/3

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सामान्य वनमण्डल दुर्ग

**नीलाम की सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल के अधिनस्थ शासकीय उपभोक्ता डिपो पुलगांव, अण्डा, पाटन, ऊतई, वन परिसर कुम्हारी, बेमेतरा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती, जलाऊ, काष्ठ का दिनांक 10/10/2024 को नीलाम व्दारा निर्वर्तन किया जायेगा। नीलाम में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा :-

नीलाम तिथि - 10/10/2024
स्थान - पुलगांव डिपो
समय - प्रातः 9:00 बजे

नया ईमारती काष्ठ / जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान घ.मी. | बल्ली / डें. नग | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली, डेंगरी | 200.320 | - | 3521/3184 | - |
| -- | | आम लट्ठा | 1.166 | - | - | - |
| -- | अण्डा | मिश्रित, नीलगिरी लट्ठा / मि.ज. | 2.370 | - | - | 6 |
| -- | उतई | मिश्रित लट्ठा / जलाऊ | 10.125 | - | - | 20 |
| साजा | बेरला | सागौन लट्ठा / चिरान | 0.076 | 2.161 | - | - |
| | | **योग :-** | **214.057** | **2.161** | **3521/3184** | **26** |

अविक्रित काष्ठ/ जलाऊ चट्टा

| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | चिरान घ.मी. | बल्ली / डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा | 139.529 | - | 679/646 | - |
| | | मिश्रित / मुण्डी लट्ठा | 9.800 | - | - | - |
| -- | पाटन | सागौन लट्ठा/साल, कहुआ चिरान | 3.226 | 2.933 | 163 | - |
| | उतई | नीलगिरी लट्ठा | 0.088 | - | - | - |
| धमधा | व.प. कुम्हारी | सागौन लट्ठा, डेंगरी / कहुआ अन्य चिरान / मि.ज. | 3.582 | 1.256 | 22 | 4 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लट्ठा | 16.439 | - | - | - |
| | | **योग :-** | **172.664** | **4.189** | **679/831** | **4** |

**टीप :-** (1) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता एवं फोन नंबर / मोबाईल नंबर ई.एम.डी. अधिकारी के पास आवश्यक रूप से अंकित कराना होगा। (2) ई. एम. डी. हेतु नगद राशि के साथ मल्टी सिटी चेक भी स्वीकृत किये जावेंगे, जो बैंक से क्लीयर होने के पश्चात ही मान्य होंगे। (3) वर्ष 2023 एवं 2024 का व्यापारी पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (4) पैन कार्ड एवं जी.एस.टी. (GST) पंजीयन, टीन नं. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)
G-242503002/2

## Chandulal Chandrakar Memorial Medical College, Kachandur, Durg (C.G.)
Kurud Road, Kachandur, Chhattisgarh 490024
Email ID: cmmedicalcollege@gmail.com
website: www.ccmgmcdurg.ac.in

**Walk-in-Interview - Advertisement**

Adevertisment No./2024/3352 Durg, Dated: 04/10/2024

| S. N. | Department Name | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| | | Consolidate pay - 1,90,000 | Consolidate pay 1,55,000 | Consolidate pay - 95,000 |
| | | Eligibility & Age Limt as per NMC NORMS | | |
| 1 | Anatomy | 1 | - | 2 |
| 2 | Emergency Medicine | 1 | 1 | 3 |
| 3 | Forensic Medicine | 1 | 1 | - |
| 4 | ENT | - | 1 | 1 |
| 5 | Biochemistry | - | - | 1 |
| 6 | Community Medicine | - | 2 | 1 |
| 7 | Microbiology | 1 | - | 1 |
| 8 | Paediatrics | 1 | 1 | 3 |
| 9 | Dermatology | 1 | 1 | - |
| 10 | Physiology | - | 1 | 2 |
| 11 | Anesthesiology | 1 | 2 | 3 |
| 12 | Pathology | - | 2 | 2 |
| 13 | Obst. & Gynecology | - | 2 | 3 |
| 14 | Radio-diagnosis | 1 | - | 2 |
| 15 | Radiotherapy | - | - | 2 |
| 16 | Respiratory Medicine | - | 1 | 1 |
| 17 | Pharmacology | - | 1 | 1 |
| 18 | General Medicine | - | 3 | 4 |
| 19 | General Surgery | 1 | 3 | 3 |
| 20 | Ophthalmology | - | 1 | 1 |
| 21 | Orthopedics | - | 1 | 3 |
| 22 | Psychiatry | - | 1 | - |
| 23 | Community Medicine Epidemiologist Asst. Profe. | - | - | 1 |
| | Total | 10 | 25 | 40 |

**Note:-** 1. Reservation roster will be followed as per Chhattisgarh Government rules. 2. For detailed information regarding the advertisement, please visit the college website: www.ccmgmcdurg.ac.in

DEAN
CHANDULAL CHANDRAKAR MEMORIAL GOVT. MEDICAL COLLEGE, DURG
G-242502996/2

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग - भानुप्रतापपुर

**॥ निविदा आमंत्रण सूचना ॥**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 06/व.ले.लि./2023-24 भानुप्रतापपुर, दिनांक 04/10 /2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद निविदाएँ दो लिफाफा पद्धति से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग भानुप्रतापपुर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा भवन कार्य हेतु नीचे दर्शाये गए दर अनुसूचि के अनुसार प्रपत्र "अ" में प्रतिशत के आधार पर स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 18.10.2024 अपरांह 5.30 बजे तक
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 24.10.2024 अपरांह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 25.10.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) |
|---|---|---|
| T0010 | कौड़ोसाल्हेभाट ब्लाक कोयलीबेड़ा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। | 25.64<br>19300.00 |
| T0011 | जिला कांकेर के तहसील पखांजूर के रामकृष्णपुर में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण। | 6.06<br>4600.00 |

**नोटः-** निविदा प्रपत्र दिनांक 18/10 /2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे निम्न अभिलेखों की राजपत्रिय अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकेंगे
1) विभाग के पंजीयन की छायाप्रति। 2) जी.एस.टी. पंजीयन की छायाप्रति।
3) बैंक साल्वेंसी (जारी दिनांक से 12 माह तक वैद्य) 4) आयकर रिटर्न चालू वर्ष की छायाप्रति। 5) ई.पी.एफ.ओ. प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
6) अमानत राशि का लिफाफा एवं निविदा प्रपत्र का लिफाफा अलग-अलग प्राप्त होगा। अमानत राशि का लिफाफा अलग से प्राप्त न होने पर निविदा प्रपत्र का लिफाफा नही खोला जायेगा।

अन्य विवरण कार्यालयिन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। **कोई भी निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होगा।** निविदा संबंधी शर्ते विभागीय बेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur मे Live Tender अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स )
संभाग भानुप्रतापपुर
G-242503001/1

# सूर्या ब्रिगेड का लक्ष्य टी20 सीरीज पर कब्जा करना, पूरे जोश के साथ दिल्ली पहुंची टीम


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टी20 मैच जीतने के बाद भारतीय टीम दिल्ली पहुंच चुकी है। भारत-बांग्लादेश के बीच दूसरा टी20 मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में जीत हासिल कर सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। दरअसल, भारत बनाम बांग्लादेश के बीच दूसरा टी20 मैच 9 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में जीत हासिल कर टीम इंडिया सीरीज पर कब्जा जमाना चाहेगी, जबकि बांग्लादेश की टीम भी जीत के इरादे से मैदान पर उतरेगी।



### कमाल की गेंदबाजी

पहले टी20 मैच में टीम इंडिया के प्लेयर्स ने कमाल की गेंदबाजी और बल्लेबाजी की। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह की अगुआई में गेंदबाजों ने बांग्लादेशी प्लेयर्स को खूब परेशान किया। बांग्लादेश की टीम पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। इसके बाद 128 रन का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने सबसे ज्यादा रन बनाए। हार्दिक ने 16 वहीं, भारत की ओर से अर्शदीप और वरुण ने तीन-तीन विकेट लिए और अर्शदीप को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### भारतीय टीम

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, रियान पराग, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा।

### गेंद की गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है लेकिन निरंतरता जरूरी

बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी 20 अंतरराष्ट्रीय में यादगार पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने कहा कि तेज गति ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है लेकिन वह इस बात को जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिटनेस संबंधी उतार-चढ़ाव के बीच वह सिर्फ निरंतरता से ही अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। मयंक ने अपने पदार्पण के बाद मैच के प्रसारक जियो सिनेमा से कहा, 'मैं उत्साहित था लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं थोड़ा नर्वस भी था क्योंकि मैं चोट से उबरने कर लगभग तीन-चार महीने बाद वापसी कर रहा था। मुझे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले थे और फिर अचानक मुझे मौका मिला। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण कर रहा था इसलिए थोड़ा घबराया हुआ था। मेरी गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है, लेकिन अपनी आईपीएल यात्रा के दौरान मैंने सीखा है कि इस प्रारूप में और खासकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता महत्वपूर्ण है। लाइन और लेंथ महत्वपूर्ण हैं। लगातार सही लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करने से वास्तव में मदद मिलती है क्योंकि बल्लेबाज आपका सम्मान करना शुरू कर देते हैं। मैं अपनी लाइन और लेंथ को सटीक रखने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'



## खबर संक्षेप



### लेवांडोव्स्की की हैट्रिक से शीर्ष पर पहुंचा बार्सिलोना

**मैड्रिड।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां खेले गए मैच में 25 मिनट के अंतराल में हैट्रिक बनाई, जिससे बार्सिलोना अलावेस को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले शीर्ष पर पहुंच गया। लेवांडोव्स्की ने सातवें, 22वें और 32वें मिनट में गोल करके लीग में नौ मैचों में अपने गोल की संख्या 10 पर पहुंचा दी। वह अभी तक वर्तमान सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 11 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में आठ गोल किए हैं। पोलैंड के स्ट्राइकर ने मंगलवार को चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की यंग बॉयज़ पर 5-0 से जीत में भी दो गोल किए थे।

### ओवर स्पिन पर ध्यान देने से फायदा मिला

**ग्वालियर।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि उन्होंने साइड स्पिन करने के बजाय गेंद को अधिक टर्न कराने के लिए ओवर स्पिन पर ध्यान दिया जिससे उन्हें राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी करने में मदद मिली। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में टी20 विश्व कप में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसके कारण वह टीम से बाहर हो गए। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां खेले गए मैच में तीन विकेट लेकर राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की।



### पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का लक्ष्य श्रीलंका की कप्तान को सस्ते में आउट करना है।

### 180 रन कैसे बनाते हैं नहीं जानते बल्लेबाज

**ग्वालियर।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि उनकी टीम नहीं जानती कि टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 180 से अधिक का स्कोर कैसे बनाना है। पिछले कुछ समय से बल्लेबाजी बांग्लादेश की कमजोर कड़ी रही है। विशेष कर पावर प्ले में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में भी उसके बल्लेबाजों को शुरुआती छह ओवरों में दो विकेट पर 39 रन बनाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ा। उसकी टीम केवल 127 रन बना पाई।



विश्व चैंपियनशिप : 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पर जमाया कब्जा

# पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण, 24 पदकों के साथ भारत की बादशाहत कायम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दीपक दलाल (545), कमलजीत (543) और राज चंद्रा (528) की भारतीय टीम ने पेरू की राजधानी लीमा में विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने अजरबैजान को एक अंक से हराकर कुल 1616 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। आर्मेनिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। भारत ने इस तरह से 13 स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य पदक सहित कुल 24 पदकों के साथ चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इटली पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे जबकि नॉर्वे चार स्वर्ण सहित कुल 10 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत के मुकेश नेलवल्ली ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता, जो प्रतियोगिता में उनका छठा पदक है। उन्होंने 548 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। अजरबैजान के इमरान गारायेव ने 552 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।





### परिशा को रजत पदक

महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल में परिशा गुप्ता ने 540 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत रजत पदक जीता। हंगरी की मिरियम जाको ने 546 अंक बनाए जो जूनियर विश्व रिकॉर्ड है। भारत की सेजल कांबले (529), केतन (525) और कनिष्का डागर (513) ने इस स्पर्धा में टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। अजरबैजान की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में भाग ले रही पांचवीं भारतीय दिव्यांशी 523 अंक के साथ आठवें स्थान पर रहीं।




### ट्रैप स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक



*अंतिम दिन की अन्य स्पर्धा में शार्दुल विहान और सबीरा हैरिस ने मिलकर जूनियर मिश्रित टीम ट्रैप स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाया। शार्दुल (71) और सबीरा (67) ने कुल 138 का स्कोर बनाया। चेक गणराज्य ने स्वर्ण और इटली ने रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में जुहैर खान और भाव्या त्रिपाठी की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 134 का स्कोर बनाकर संयुक्त छठा स्थान हासिल किया।*

एथलीट्स

## दिग्गज जिम्नास्ट दीपा ने की संन्यास की घोषणा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी। ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी।

दीपा ने बयान में कहा, 'बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है। जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।'

### दीपा की उपलब्धियां

| टूर्नामेंट | वर्ष | पदक |
|---|---|---|
| एशियन चैंपियनशिप | 2024 | गोल्ड |
| वर्ल्ड कप | 2018 | गोल्ड |
| वर्ल्ड कप | 2018 | ब्रॉन्ज |
| एशियन चैंपियनशिप | 2015 | ब्रॉन्ज |
| कॉमनवेल्थ गेम्स | 2014 | ब्रॉन्ज |

### बचपन को याद किया

दीपा ने लिखा, मुझे पांच साल की दीपा याद है, जिसे बताया गया था कि सपाट पैरों के कारण वह कभी जिमनास्ट नहीं बन सकती। आज मुझे अपनी उपलब्धियों को देखकर गर्व होता है। विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, मेडल जीतना, रियो ओलंपिक में प्रोडुनोवा वॉल्ट का प्रदर्शन करना मेरे करियर का सबसे यादगार पल रहा है। आज उस छोटी सी दीपा को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है, क्योंकि उसमें सपने देखने का साहस था।

महिला टी20 विश्व कप

## इंग्लैंड ने अफ्रीका को सात विकेट से हराया, सेमीफाइनल का दावा मजबूत



एजेंसी ▶▶| शारजाह

इंग्लैंड ने महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के अहम मैच में सोमवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराने वाली इंग्लैंड की टीम ने इस जीत के साथ ही सेमीफाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट पर 124 रन पर रोकने के बाद इंग्लैंड ने चार गेंद शेष रहते तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। नैटली सिवर ब्रंट ने 36 गेंद में नाबाद 48 रन की आक्रामक पारी में छह चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को हावी नहीं होने दिया। उन्हें नियल वायट का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 43 रन की पारी में चार चौके लगाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए मरीजान कैप, एन. मलाबा और नडीन डी क्लर्क ने एक-एक विकेट लिए। कैप ने इससे पहले बल्ले से भी 17 गेंद में 26 रन का योगदान दिया। कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने 39 गेंद में 42 जबकि एनरी डर्कसन ने 11 गेंद में नाबाद 20 रन बनाए।

### सोफी ने झटके दो विकेट

इंग्लैंड की टीम की पिछले मैच की तरह इस मुकाबले में भी चार स्पिनरों के साथ मैदान में उतरने की योजना कारगर रही। प्लेयर ऑफ द मैच सोफी एकलेस्टन के दो विकेट के अलावा लिंसी स्मिथ, शार्ली डीन और सारा ग्लेन को एक-एक सफलता मिली।

### आक्रामक जश्न मनाने पर अरुंधति को लगी फटकार

**दुबई।** भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को यहां महिला टी20 विश्व कप मैच के दौरान पाकिस्तान की निदा डार को आउट करने के बाद आक्रामक भाव भंगिमा दिखाने पर सोमवार को फटकार लगाई गई। अरुंधति ने रविवार को पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में तीन विकेट लिये थे। पाकिस्तान की पारी के 20वें ओवर में डार को आउट करने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकी और उन्होंने पवेलियन की ओर जाने का इशारा किया। आईसीसी से जारी बयान के मुताबिक, 'रेड्डी को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

### जयसूर्या को श्रीलंका ने 2026 तक बनाया पूर्णकालिक मुख्य कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को सोमवार को 2026 टी20 विश्व कप तक अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया। यह पूर्व सलामी बल्लेबाज जुलाई से श्रीलंका के अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहा था। उनके रहते हुए टीम ने भारत और इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया जिसके बाद उनके देश के क्रिकेट बोर्ड में उन्हें पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त करने का फैसला किया। जयसूर्या के मार्गदर्शन में श्रीलंका ने 27 वर्षों में भारत के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर 10 वर्षों में पहली बार इंग्लैंड से उसकी धरती पर टेस्ट मैच जीता। श्रीलंका की टीम ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला 2-0 से जीती थी। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ जयसूर्या के अंतरिम मुख्य कोच रहते हुए टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। उनकी नियुक्ति एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2026 तक की गई है।'



# मसूद और शफीक के शतक से पाक के चार विकेट पर 328 रन

एजेंसी ▶▶| मुल्तान

कप्तान शान मसूद और अब्दुल्लाह शफीक के शतक से पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन सोमवार को यहां पहली पारी में चार विकेट पर 328 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की। चार साल में पहला टेस्ट शतक जड़ते हुए मसूद ने 177 गेंद में 151 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज शफीक ने 102 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 253 रन की बड़ी साझेदारी भी की। दिन का खेल खत्म होने पर सऊद शकील 35 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि रात्रि प्रहरी नसीम शाह ने अभी खाता नहीं खोला है।



विदेशी सरजमीं पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने 70 रन देकर दो विकेट चटकाए। टीम में वापसी कर रहे स्पिनर जैक लीच ने 61 रन देकर एक विकेट हासिल किया। पिच पर हल्की घास नजर आ रही है लेकिन इससे तेज गेंदबाजों या स्पिनरों को किसी तरह की मदद नहीं मिल रही।

आर्कटिक ओपन सुपर 500: आज से शुरू होगा टूर्नामेंट

# पेरिस की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू और सेन

एजेंसी ▶▶| वंता

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।

सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया। दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया।



### मिशेल ली से होगा सिंधू का पहला मैच

आर्कटिक ओपन में सिंधू का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में हारने वाले सेन का डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा।ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू अगर पहली बाधा पर कर लेती हैं तो अगले दौर में उनका सामना 2022 की जूनियर विश्व चैंपियन 18 वर्षीय जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाजाकी से हो सकता है जिससे वह इस साल की शुरुआत में स्विस ओपन में हार गई थी।

### श्रीकांत देंगे चुनौती

चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने के बाद मकाऊ ओपन में वापसी करने वाले किदांबी श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे। वह हमवतन किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण के साथ क्वालीफायर से अपना अभियान आगे बढ़ाएंगे। क्वालीफायर में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से भिड़ेंगे।

### मालविका, आकर्षी अन्य प्रतिद्वंद्वी

महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश करेंगी। चीन ओपन सुपर 1000 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली मालविका पहले दौर में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी, जबकि आकर्षी का मुकाबला जर्मनी की यवोन ली से होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुडा क्वालीफायर में इजराइल की हेली नीमन से भिड़ेंगी। रितुपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल में जबकि सतीश और आद्या वरियाथ मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

# दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला तैयार, 40 कारीगरों ने 30 लाख में बनाया



दहन के लिए पीएम मोदी को किया गया आमंत्रित

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

दशहरा के दिन रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के बड़े-बड़े पुतले मेले का खास आकर्षण होते हैं। यही वजह है कि दिल्ली की बड़ी रामलीलाएं अपने यहां जलाए जाने वाले रावण के पुतलों के साथ तमाम एक्सपेरिमेंट करती हैं। पिछले कुछ सालों से आयोजक रावण के पुतलों की ऊंचाई को लेकर भी तमाम एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं। मगर इस बार दिल्ली में दुनिया का अब तक का सबसे ऊंचा रावण बनाया गया है। यहां रावण का पुतला द्वारका इलाके के सेक्टर-10 में श्री राम लीला सोसाइटी द्वारा बनवाया गया है।

## 211 फीट ऊंचा है पुतला

यह रावण का पुतला 211 फीट ऊंचा है। श्री राम लीला सोसाइटी ने कहा कि इस ढांचे को तैयार करने और स्थापित करने में 4 महीने का समय लगा है। वहीं, इस रावण के पुतले को बनाने के लिए 40 कारीगरों नें दिन रात काम किया है। सिर्फ इतना ही नहीं इस रावण के पुतले को बनाने के लिए 30 लाख से ज्यादा का खर्चा भी हुआ है। उन्होंने बताया कि आजकल रोज करीबन 1,000 से 2,000 लोग रोज यहां पर रावण के पुतले की फोटो एवं वीडियो बनाने आते हैं, जो कि सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रही है।

## पिछली बार यहां पर आए थे प्रधानमंत्री

राम लीला सोसाइटी ने बताया कि यहां पर रामलीला रात 8 बजे शुरू हो जाती है, जो कि फिर रात के 12 बजे तक चलती है। उन्होंने यह भी कहा कि दशहरा के दिन रावण दहन करीबन 5 बजे के बाद होगा। 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन इस रावण को जलाया जाएगा और इसके लिए सोसाइटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया है, लेकिन सोसाइटी ने यह भी कहा की अभी तक इस बात की कोई भी पुष्टि नहीं हो पाई है कि प्रधानमंत्री यहां पहुंचेंगे कि नहीं। उनका कहना था कि पिछली बार भी प्रधानमंत्री यहां पर आए थे और उन्हें उम्मीद है कि इस बार भी प्रधानमंत्री यहां पर आकर उन्हें अपना आशीर्वाद जरूर देंगे।

# कहां से आई 'चाय' और किस भाषा का है ये शब्द?

**नई दिल्ली।** चाय हमारी ज़िंदगी में कुछ यूं रची-बसी हुई है कि हम सुबह उठते ही सबसे पहले चाय का प्याला हाथ में ले लेते हैं। यही वजह है कि ज्यादातर लोग ये समझ बैठते हैं कि चाय का आविष्कार भारत में ही हुआ है। हालांकि, ऐसा नहीं है, फिर सवाल ये उठता है कि चाय हमारी ज़िंदगी में आई कहां से? 'चाय' और 'टी' दो ही शब्द हैं, जो इस खास पेय को डिफाइन करते हैं। इन दोनों शब्द एक ही भाषा से आए हैं। ये मूल रूप में चीन में बोली जाने वाली मंडेरियन भाषा का शब्द है। इस चीन में 'cha कहते हैं। ये कोरिया और जापान में भी ऐसे ही कहा गया और जहां भी ये शब्द पहुंचा, उसे चाय ही कहा गया। पारसी भाषा में इसे '**Chaye**' कहा जाता है, जो उर्दू में चाय बन गया। अरबी में इसे '**Shay**', रूसी में '**Chay**' स्वाहिली भाषा में इसे '**Chai**' कहते हैं। इसी तरह **Tea** को भी अलग-अलग भाषाओं में अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है।

# यहां है असली 'स्त्री', इस भारतीय गांव के पुरुष पहनते हैं महिलाओं के कपड़े

200 साल पुराने श्राप के कारण नवरात्रि में करते हैं गरबा

**अहमदाबाद।** पूरे देश में 3 अक्टूबर को जब नवरात्रि का उत्सव शुरू हुआ, अहमदाबाद के पुराने शहर के दिल में एक अनोखी परंपरा ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। सादु माता नी पोल में, हर साल नवरात्रि की आठवीं रात को एक 200 साल पुरानी रस्म निभाई जाती है, जिसमें बारोट समुदाय के पुरुष साड़ी पहनकर गरबा करते हैं ताकि एक प्राचीन श्राप का सम्मान किया जा सके।

स्थानीय कथाओं के अनुसार, यह परंपरा 200 साल पहले शुरू हुई थी, जब सादुबेन नाम की एक महिला ने बारोट समुदाय के पुरुषों से एक मुगल सरदार से सुरक्षा मांगी थी। ये मुगल सरदार उस महिला को अपनी रखैल बनाना चाहता था। बदकिस्मती से पुरुष उसे बचाने में सफल नहीं हो सके, जिससे उस महिला के बच्चे का साथ उससे छूट गया। अपने दुख में, सादुबेन ने पुरुषों को श्राप दिया कि उनके वंशज कायरों की तरह पीड़ित होंगे और 'सती' होने से पहले मर जाएंगे। अष्टमी की रात को, सादु माता नी पोल, जहां 1000 से अधिक निवासी रहते हैं, एक वाईब्रेंट एक्टिविटी का सेंटर बन जाता है। संकरी गलियां और पारंपरिक घर एक सुंदर माहौल बनाते हैं, जहां भीड़ इकट्ठा होती है और पुरुष साड़ियों में लिपटे हुए शेरि गरबा के ताल पर नाचते हैं, जो सांस्कृतिक महत्व से भरा एक लोक नृत्य है।

सादु माता की आत्मा को शांत करने और श्राप को हटाने के लिए एक मंदिर बनाया गया था। हर साल, समुदाय के पुरुष साड़ी पहनकर गरबा करते हैं और इसे प्रायश्चित के रूप में मानते हैं।

# राजस्थान का अनोखा गांव! जहां कोई पशुपालक नहीं बेचते दूध



**सिरोही।** राजस्थान के सिरोही जिले में एक गांव ऐसा भी है जहां पीढ़ियों से पशुपालक अपनी गाय-भैंसों का सैकड़ों लीटर दूध डेयरी या किसी व्यक्ति को नहीं बेचते हैं। पशुपालक दूध को घर में ही रखकर उससे घी बनाते हैं और इसी घी की वजह से इस गांव की एक अलग पहचान बन गई है। आज से करीब 100 वर्ष पहले इस गांव में आए महंत मुनिजी शमशेरगिरी महाराज को ग्रामीणों द्वारा दिए गए वचन की पालना की जा रही है। जब संत इस गांव आए थे और यहां तपस्या की थी, तब संत ने ग्रामीणों से कहा था कि गांव में गाय और भैंसों का दूध अन्य गांव में नहीं बेचें, घर में ही रखें।

**दूध का दही जमाकर उसका बनाते हैं घी** : दूध बेचने का मतलब पुत्र बेचने जैसा है। संत की इस बात को मानते हुए ग्रामवासियों ने भी दूध नहीं बेचने का निर्णय किया। जिसकी पालना आज भी चौथी पीढ़ी कर रही है। गांव में कोई भी पशुपालक परिवार किसी को दूध नहीं बेचता है। गाय-भैंसों से मिलने वाले दूध का दही जमाकर उसका घी बनाते हैं। इस घी की वजह से गांव का नाम घी वाला बग गांव पड़ गया है। इस गांव में तैयार होने वाले देशी घी को खरीदने के लिए जिले के अलावा जालोर और गुजरात से भी लोग आते हैं।

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
- छाती में दर्द
- भूख में कमी
- एसिड का ऊपर आना
- गैस ज्यादा बनना
- बार-बार डकार आना
- खाना न पचना
- सूखी खांसी आना
- मुंह में कड़वा स्वाद
Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology
सभी इंश्योरेंस कंपनी TPA, आयुष्मान कार्ड, रेलवे, BSKY, CSEB, कोल इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मान्यता
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 9109125524, 95899 56859

किडनी ट्रांसप्लांट के लिये विश्वसनीय स्थान
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल
हर एक जीवन अनमोल
आयुष्मान कार्ड एवं बिजु कार्ड से किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
अनुभवी एवं उच्च स्तरीय चिकित्सकों की टीम
OUR EXPERTS
डॉ. करण सराफ MD, DM (Nephrology) किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल कपूर MS, Mch (Urosurgery) मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ
न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4222999, हेल्पलाइन नंबर- 7880003497

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर के अत्याधुनिक इलाज, कीमोथेरपी, इम्यूनोथेरेपी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पैलिएटिव केयर हेतु कुशल टीम
डॉ विकास गोयल MBBS, MD, DM रक्त रोग एवं ब्लड कैंसर विशेषज्ञ
डॉ अनिकेत ठोके MD, DNB, ECMO कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ राकेश मिश्रा MBBS, MD, DM कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी विशेषज्ञ
डॉ अविनाश तिवारी MBBS, MD पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ
मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010

किसी भी मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रामा में हमेशा आपके साथ
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
विशेषज्ञ टीम 24x7 उपलब्ध
AMBULANCE
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा चेकअप एवं इलाज
- अत्याधुनिक मेडिकल एवं सर्जिकल ICU
- 125 बिस्तरों वाली आधुनिक सुविधायुक्त ICU (ECMO., CRRT.)
- 24x7 विशेष प्रशिक्षित क्रिटिकल केयर ICU डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ
- 24x7 ट्रॉमा एवं स्ट्रोक टीम
- 24x7 कार्डियक केयर
मध्य भारत की अग्रणी चिकित्सा सुविधाओं के साथ
24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन 0771 6165656
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर

टैटू (गोदना) मिटाये नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कल्चर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060

Divisa
मज़बूत इरादों के साथ सेहत का पहला कदम
डा. ऑर्थो एक्यूप्रेशर स्लिपर
एक्यूप्रेशर स्लिपर के फायदे:
- ब्लड सर्कुलेशन में सहायक
- सारा दिन पहनने के लिए आरामदायक
- प्रीमियम क्वालिटी, जो दे चलने का सुखद अनुभव
- PVC या प्लास्टिक फुटवियर की तुलना में बेहतर
पसीना रोधी
फिसलन रोधी
नरम और आरामदायक
रोज़ाना इस्तेमाल
डा.ऑर्थो
All day wear Acupressure Slippers
BUY NOW
A Step towards pain-free life with Acupressure
Contact For Dealership
85588 07777 • dealership@divisa.in

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
SHRI BALAJI HOSPITAL
अब मात्र ₹ 100/-
के पंजीयन - शुल्क पर साल भर पाए स्पेशलिटी विभागों में ओ.पी.डी
सारे जांच प्रचिलित मार्केट दरो से आधी कीमत (50%) पर
गंभीर से गंभीर बीमारियों का आयुष्मान कार्ड से इलाज
ICU भर्ती आयुष्मान कार्ड से*
सारे ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से**
निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन*
गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क डिलीवरी* (नॉर्मल एवं सिजेरियन)
ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02
* नियम एवं शर्तें लागू

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com